हरिभूमि
रायपुर भूमि





राजधानी रायपुर के प्रमुख तालाबों के पानी का रंग और गंदगी अब नालियों में बह रहे पानी की तरह हो चुकी है। करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद इन तालाबों का पानी अब इंसानों के लिए तो दूर, जलीय जीवों के लिए भी सुरक्षित नहीं रह गया है। इसका मुख्य कारण लगातार सीवेज का तालाबों में मिलना है, जिसके कारण पानी की गुणवत्ता अत्यधिक बिगड़ चुकी है। पानी का टीडीएस तो सामान्य है, लेकिन ऑक्सीजन स्तर बहुत कम हो गया है और नाइट्रेट्स का स्तर भी बढ़ गया है।

### डगनिया और खो-खो तालाब में पीएच लेवल 9.0 के बीच पहुंचा, महाराजबंध और सरजूबांधा में नहीं बचीं मछलियां

# तालाबों में नहाना मुश्किल, गंदे पानी ने मछलियों की भी सेहत बिगाड़ी, ऑक्सीजन कम, टीडीएस ज्यादा

**ललित राठोड़/रायपुर।** हरिभूमि ने शहर के प्रमुख तालाबों, जैसे महाराजबंध और सरजू बांधा तालाब, के पानी की जांच की। जांच के दौरान पता चला कि इन तालाबों का पानी अब जलीय जीवों के लिए असुरक्षित हो चुका है। यहां के पानी में ऑक्सीजन का स्तर 5 मिलीग्राम प्रति लीटर से घटकर 3 से 4 मिलीग्राम प्रति लीटर तक पहुंच गया है, जिसके कारण मछलियां ऐसे पानी में सांस नहीं ले पा रही हैं। इसके अतिरिक्त, पानी का रंग काला होने का कारण हाइड्रोजन सल्फाइड ▶▶| शेष पेज 13 पर

हरिभूमि सरोकार



### तालाबों में सीवेज का गंदा पानी रोकना जरूरी

*जल संरक्षण और जल सुधार के काम के आधार पर शहर के तालाबों में ऑक्सीजन का स्तर घटने और पीएच स्तर बढ़ने के पीछे मुख्य कारण नालों का गंदा पानी है, जो जलीय जीवों के लिए अत्यधिक हानिकारक साबित हो रहा है। पानी की गुणवत्ता को सुधारने और तालाबों को स्वच्छ रखने के लिए यह जरूरी है कि सीवेज का पानी तालाबों में आने से रोका जाए।*

*- डॉ. प्रशांत शर्मा, वैज्ञानिक जैव प्रौद्योगिकी*

### बंद नहीं हो रहे है सीवेज


*शहर के नालों का पानी सीधे कुछ तालाबों में पहुंच रहा है। इस वजह से पानी का रंग बदल चुका है और नाइट्रेट्स, फास्फेट्स और हानिकारक रसायन बढ़ गए है। नाला और नालियों के पानी के तालाब में आने से ऑक्सीजन का स्तर कम हुआ है। नालियों का गंदा पानी अम्लीय व क्षारीय होता है, जो तालाब के पानी के रंग को प्रभावित कर रहा है। नालियों के पानी में कचरा, सीवेज और अन्य जैविक पदार्थ होते हैं, जो पानी में बैक्टीरिया, वायरस और अन्य पैथोजन्स को बढ़ा रहे हैं। इससे पानी में दुर्गंध फैल रही है।*

### मछलियों की मौत

*तालाबों में नालों का गंदा पानी सीधे पहुंचने की समस्या पुरानी है। यह स्थिति पिछले कई वर्षों से बनी हुई है। इस वजह से तालाबों के पानी का रंग बदल चुका है और उसमें नाइट्रेट्स, फास्फेट्स और हानिकारक रासायनिक तत्वों की मात्रा में वृद्धि हो गई है। नालियों का गंदा पानी तालाबों में जाने से पानी के ऑक्सीजन स्तर में भारी कमी आई है, जिसके कारण तालाबों में मछलियां और अन्य जलीय जीव जीवित नहीं रह पाए हैं और सभी मछलियां मर चुकी हैं।*

### इंडोर स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह

# मीनल सहित 69 पार्षदों ने ली शपथ सोमवार से निगम में नई सरकार



*बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में गुरुवार को मीनल चौबे ने महापौर पद की शपथ ली। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने महापौर के साथ वार्डवार निर्वाचित पार्षदों को शपथ दिलाई। पार्षद अर्जुमन ढेबर और पूर्व महापौर एजाज ढेबर कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। शपथ लेने के बाद मीनल चौबे ने जय श्रीराम का नारा लगाया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, अतिविशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, मंत्री रामविचार नेताम, लोकसभा सांसद सुनील सोनी, पश्चिम विधायक राजेश मूणत, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, धरसींवा क्षेत्र अनुज शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

रायपुर नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने गुरुवार को महापौर पद की शपथ ली। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। इसके साथ 69 वार्ड के निर्वाचित पार्षदों ने वार्डवार शपथ ली। कार्यक्रम में मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड से पार्षद अर्जुमन ढेबर नही पहुंचीं। वहीं उनके पति व पूर्व महापौर एजाज ढेबर भी कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। एजाज ढेबर ने कहा कि मीनल चौबे प्रोटोकाल भूल गई हैं। पूर्व मेयर को आमंत्रित भी नहीं किया गया। ▶▶| शेष पेज 13 पर



### मंच पर पूर्व महापौर किरणमयी नायक प्रमोद दुबे को किया आमंत्रित



शपथ ग्रहण समारोह के दौरान आमंत्रित अतिथियों के लिए सजे मंच में पूर्व महापौर डॉ. किरणमयी नायक, प्रमोद दुबे और नगर निगम के पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा को सम्मान के साथ मंच पर आमंत्रित किया गया। साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा उपस्थित थे।



### 6 पंडितों के साथ कक्ष में आएंगी महापौर

महापौर मीनल चौबे सोमवार को 6 पंडितों के साथ महापौर कक्ष में प्रवेश करेंगी। वे विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद कक्ष में बैठेंगी। 15 साल बाद कक्ष में बैठक व्यवस्था बदली गई है। मेयर की कुर्सी का फेज उत्तर दिशा में रहेगा। पहले मेयर की कुर्सी का फेज पूर्व मुखी था। डेढ़ दशक बाद शहरी सत्ता में भाजपा की महापौर शहरी सरकार की कमान संभालेंगी। रायपुर नगर निगम में दूसरी महिला महापौर के रूप में मीनल चौबे जल्द अपने एमआईसी सदस्यों के नाम का ऐलान करेंगी।



### लोक कलाकार आरु साहू ने जमाया रंग

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक गीत के साथ माटी महतारी की महिमा को सुरीले अंदाज में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रस्तुत करने अंचल की लोकप्रिय गायिका आरु साहू अपनी टीम के साथ मौजूद रही। कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए अलग से स्टेज बनाया गया था। समारोह शुरू होने से पहले इंडोर स्टेडियम के विशाल सभागार में उपस्थित नागरिकों के मनोरंजन के लिये यह कार्यक्रम रखा गया।

# बचिए भिलाई जाने से, दो किमी लंबा जाम, आज भी

### एक किलोमीटर के करीब सड़क मरम्मत का कार्य किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कुम्हारी से रायपुर के बीच दो किलोमीटर के पैच में सड़क मरम्मत का कार्य चल रहा है। इसके कारण चंदनीडीह से टाटीबंध तक वाहनों का लंबा जाम लग गया है। जाम खुलवाने मौके पर ट्रैफिक पुलिस की टीम मौजूद है। बावजूद इसके लोग जाम में घंटों फंसे रहे। जाम में फंसने वालों में स्कूली बच्चों की बस से लेकर एंबुलेंस तक शामिल है। सड़क निर्माण के कारण ट्रैफिक पुलिस ने रायपुर से दुर्ग जाने वाले लोगों को अमलेश्वर होते हुए वैकल्पिक मार्ग से दुर्ग जाने सुझाव दिया है।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार सड़क मरम्मत का कार्य चंदनीडीह पुल के ऊपर किया जा रहा है। इसके कारण वाहन धीरे चल रहे हैं। इस वजह से रायपुर से दुर्ग जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूसरे दिन दुर्ग से रायपुर आने वाले मार्ग में मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस वजह से दुर्ग से रायपुर आने वाले लोगों को वैकल्पिक मार्ग से आने ट्रैफिक पुलिस ने सुझाव दिया है।



### दो किलोमीटर से ज्यादा लंबा जाम

सड़क मरम्मत के कारण रफ्तार पर लगाम लगने की वजह से चंदनीडीह से टाटीबंध चौक तक गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। गर्मी के कारण स्कूल बस में सवार स्कूली बच्चे बेहाल होते रहे। इसके साथ ही कार चालक भी परेशान होते रहे। दोपहिया वाहन चालक किसी तरह जाम से जूझते हुए अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। जाम की वजह से एंबुलेंस तक को निकलने का मौका नहीं मिला। सड़क मरम्मत के कारण शुक्रवार को भी रायपुर से कुम्हारी के बीच जाम की स्थिति निर्मित हो सकती है।

### इसलिए लगा लंबा जाम

दुर्ग, भिलाई से बड़ी संख्या में लोग नौकरी करने के साथ अन्य तरह के कार्य के लिए आते हैं। शाम के समय ऑफिस तथा स्कूल की छुट्टियां होने के बाद टाटीबंध से लेकर कुम्हारी के बीच ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाता है। इस वजह से सड़क मरम्मत के कारण रायपुर-कुम्हारी के बीच जाम की स्थिति निर्मित हुई।




### बैंक अकाउंट के साथ पुलिस प्रापर्टी की जांच में जुटी

**जिनकी संपत्ति जब्त करने तैयारी की जा रही उन पर पूर्व में जिलाबदर की कार्रवाई हो चुकी**

# नशे के सौदागरों की कुंडली बनेगी संपत्ति होगी जब्त, एक्शन में पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समाज के लिए परेशानी का कारण बन चुके मादक पदार्थ की खरीदी-बिक्री करने वाले तस्करों पर अंकुश लगाने स्मगलर एंड फारेन एक्सचेंज मेनुपुलेटर्स एक्ट (सफेमा) 1976 को हथियार बनाकर पुलिस कार्रवाई करने की तैयारी में है। पिछले दिनों बिलासपुर में पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 15 तस्करों की सवा चार करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की है। उसी तर्ज पर रायपुर में भी पुलिस कार्रवाई करने जा रही है। इसकी पुष्टि एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने की है।

एसएसपी के अनुसार जिले के सभी थानों के टीआई को अपने क्षेत्र में मादक पदार्थ के अवैध कारोबार में जुड़े लोगों की सूची तैयार कर देने के लिए कहा गया है। इसके बाद तस्करों को चिन्हांकित ▶▶| शेष पेज 13 पर



### बैंक के साथ संपत्ति की जानकारी जुटाई जा रही

एसएसपी के अनुसार नशे के सौदागरों की कुंडली तैयार करने के लिए उनके बैंक डिटेल के साथ संपत्ति की जानकारी जुटाने राजस्व विभाग से मदद ली जा रही है। इसके साथ ही पैन कार्ड की जांच की जा रही है। जिनके खिलाफ सफेमा एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी, उनके बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है कि वह कब से नशे के धंधे में लिप्त रहा है। नशे के कारोबार से कितने की संपत्ति अर्जित की है।

### दो माह में 15 लाख से ज्यादा के मादक पदार्थों की जब्ती

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पिछले दो माह में 15 लाख रुपए से ज्यादा के मादक पदार्थों की जब्ती है। इनमें प्रतिबंधित नशीला टेबलेट के साथ नशीली सीरप, शराब, गांजा के साथ अन्य तरह के मादक पदार्थ हैं। पुलिस ने गांजा को लेकर जो कार्रवाई की है, उनमें ज्यादातर दूसरे प्रदेश के लोग हैं, जो ओडिशा से गांजा तस्करी कर अपने राज्य ले जाने की फिराक में थे।

### ऐसे लोगों की संपत्ति अटैच की जाएगी

एसएसपी के अनुसार मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार होने तथा जेल से आने के बाद भी मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में जो लिप्त रहते हैं, ऐसे लोगों की पहचान कर संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई की जाएगी। मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में जो पूर्व में जिलाबदर हो चुके हैं और आने के बाद भी मादक पदार्थ की खरीद बिक्री कर रहे हैं, ऐसे चार तस्करों की पुलिस ने पहचान की है।

**खबर संक्षेप**

### चाकू से जानलेवा हमला आरोपी युवक गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा के ग्राम अल्दा में बारात कार्यक्रम के दौरान प्रार्थी राहुल यादव ने आरोपी मोनू उर्फ मनीष वर्मा को कहा कि तुम इस गांव के नही लग रहे हो जिस पर मोनू उर्फ मनीष वर्मा ने मां बहन की गंदी गंदी गाली देते हुये तू मुझे जानता नही है, तुझे जान सहित खतम कर दूंगा कहकर धमकी देते हुये अपने पास रखे धारदार चाकू से राहुल यादव के पेट में मारकर घायल कर दिया जिसे परिजनो के द्वारा उपचार हेतु खुशी अस्पताल तिल्दा नेवरा में भर्ती कराया गया। उक्त घटना की रिपोर्ट पर थाना तिल्दा नेवरा में किया गया जहां आरोपी मोनू उर्फ मनीष वर्मा पिता बुधराम उम्र 19 वर्ष के विरूद्ध धारा 296,118,( 2 ), 351(2), बी एन एस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है तथा आरोपी के कब्जे से एक नग धारदार स्टील का चाकू जप्त किया गया है। आरोपी को ज्यूडिशियल रिमाण्ड हेतु आज न्यायालय रवाना किया गया है।

### सगुनी सरपंच रजत ने निकाली आभार रैली



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सगुनी में सरपंच द्वारा आभार रैली निकाली गई जिसमें सभी नवनिर्वाचित पंच व सरपंच के साथ विशाल संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए । ग्राम सगुनी में पूर्व उपसरपंच रहें युवा कांग्रेस के रजत कश्यप पर जनता ने दोबारा भरोसा जताते हुए बहुमत दिला कर गांव के प्रथम नागरिक के रूप चुना। और विजई होने के बाद गांव में गाजे बजे के साथ रैली निकाली गई। साथ ही नवनिर्वाचित सरपंच रजत कश्यप ने जनता का दिल से आभार व्यक्त किया।

### प्रगतिशील छग सतनामी समाज की 28 को बैठक

**चंदखुरी।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक 28 फरवरी को समय दोपहर 12 बजे से स्थान न्यू राजेंद्र नगर गुरुघासी दास भवन में आयोजित की जाएगी। यह बैठक समाज के संस्कृति संगठन, एकता, और समग्र प्रगति के लिए एक अहम पहल है। इस अवसर पर समाज के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी, जिनमें गिरौधपूरी में आगामी लगने वाले मेला के लिए कुछ योजनाएँ बनाई जाएंगी। जो साथी बलौदाबाजार वाले केश से बाहर आए है उनके लिए भी सम्मान समारोह रखना है इस संबंध में भी चर्चा एवं आगे बैठक की अन्य प्रदेश अध्यक्ष के आदेश अनुसार की जावेगी जिनमें समाज के पदाधिकारी को अवगत कराया गया है और बैठक में शामिल होने की बात की है ।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सीएम साय ने दीं शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल तकनीकी प्रगति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में तर्कसंगत और परिष्कृत सोच विकसित करने का आधार भी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नोबेल पुरस्कार विजेता महान भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकटरमण का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी खोज 'रमन प्रभाव' ने विज्ञान की दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

### भूपेश ने दिल्ली में संभाला कांग्रेस महासचिव का पदभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने राष्ट्रीय महासचिव एवं पंजाब का प्रभारी बनाए जाने के बाद दिल्ली में एआईसीसी दफ्तर पहुंचकर कामकाज संभाल लिया है। कोटला मार्ग, नई दिल्ली में नवनिर्मित कांग्रेस मुख्यालय के चतुर्थ तल पर उनका कार्यालय स्थित है। इस दौरान राष्ट्रीय मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने उनसे मुलाकात की।

# बीटेक डिग्रीधारी व शतरंज चैंपियन रुखमणि कुरूद सिलयारी सरपंच निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

**विधायक सहित शीर्ष नेताओं से लिया आशीर्वाद**





वर्तमान पंचायत चुनाव में इस बार गांव की सरकार बनाने में दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला जिसमे कई गांवो में मिडिल की पढ़ाई से लेकर इंजीनियर की डिग्री धारी भी सरपंच की कमान संभाले है इसी कड़ी में क्षेत्र की सबसे बड़ी पंचायत कुरूद सिलयारी में इस बार प्रथम नागरिक के रूप में श्रीमति रुखमणी साहू जो कि बी. टेक. की पढ़ाई की हैं व साथ ही तीन बार राज्य-स्तरीय व एक बार राष्ट्रीय स्तर की शतरंज की खिलाड़ी भी रह चुकी हैं। श्रीमती साहू चुनाव जीतने के बाद सांसद बृजमोहन अग्रवाल व विधायक अनुज शर्मा से ग्राम विकास में सहयोग हेतु आशीर्वाद लिए। अंचल में इस बार पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पादित हो गए जिसमे अंचल के सबसे बड़े ग्राम पंचायत कुरूद सिलयारी में शतरंज खिलाड़ी श्रीमती रुखमनी साहू ने एक तरफा जीत हासिल कर अपना परचम लहराया है और कई दिग्गजों को पछाड़ते हुए सरपंच की कुर्शी अपने नाम कर लिए है। बता दे कि ग्राम-पंचायत कुरुद-सिलयारी की नव-निर्वाचित सरपंच श्रीमति रुखमणी साहू ने सरपंच चुनाव में एक-तरफा 488 वोटो से जीत दर्ज की। इसी तारतम्य में वे जीत हासिल करनें के उपरान्त रायपुर लोक-सभा के लोक-प्रिय सांसद माननीय श्री बृजमोहन अग्रवाल जी व क्षेत्रीय विधायक पद्मश्री माननीय श्री अनुज शर्मा , व अनवरत तीन बार के भूतपूर्व विधायक माननीय श्री देवजी भाई पटेल से आशीर्वाद प्राप्त किया व उन्होनें ग्राम-पंचायत कुरुद-सिलयारी के विकास में भरपूर सहयोग प्रदान करनें की बात रखी। ग्राम-पंचायत कुरुद-सिलयारी की प्रथम नागरिक श्रीमति रुखमणी साहू जी बी. टेक. की पढ़ाई की हैं व साथ ही तीन बार राज्य-स्तरीय व एक बार राष्ट्रीय स्तर की शतरंज की खिलाड़ी भी रह चुकी हैं ।

**घपला :** अभनपुर के कई गांवों में किसानों के बांटने चना आया पर बांटा नहीं और खेती हुई नहीं

# 100 हेक्टेयर चना बोआई में घपला उजागर जांच रिपोर्ट कलेक्टर को भेजने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

- कागजों में चना बांटा और खेती की और अब ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियो को बचाने का प्रयास



अभनपुर विकासखंड मे एनएफएसएम योजना अंतर्गत ग्राम टीला, तोरला, भुरका, गोरभट्टी ग्रामो के चयनित क्षेत्रो मे कृषको को चना बीज का वितरण कर 100 हेक्टेयर मे चना का उत्पादन कार्यक्रम लेना था लेकिन किसानो को चना बीज का वितरण नही किया गया। इस संबंध मे जानकारी मिलने पर कृषि विभाग के उच्चाधिकारी, क्षेत्र मे कार्यरत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियो को बचाने के प्रयास मे लगे हुये है। तरह तरह के हथकंडे अपनाकर किसानो से एक फार्मेट मे हस्ताक्षर कराकर जांच के नाम पर खानापूर्ति करते हुये किसी तरह फसल की कटाई तक जांच मे विलंब करके मामले को रफादफा करने मे लगे हुये है,जबकि राजस्व विभाग की गठित टीम द्वारा गिरदावरी रिपोर्ट मे यह चारो गांव मे मात्र 2 हेक्टेयर भूमि मे चने की फसल बोई गई है की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है इतने बड़े पैमाने मे भ्रष्टाचार के बाद भी कृषि विभाग द्वारा कोई भी कार्यवाही नही होने से उच्चाधिकारी भी संदेह के घेरे मे है।

विगत 2 माह पूर्व कृषि विभाग की मासिक बैठक मे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मिथलेश कुमार साहू एवं विनय कुमार सिंह द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट मे एनएफएसएम योनजा अंतर्गत 100 हेक्टेयर के लिए प्राप्त 100 क्विंटल चना बीज मे से 60 हेक्टेयर चना बोनी का रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी लेकिन राजस्व विभाग द्वारा गठित टीम ने चयनित गांव मे मात्र 2 हेक्टेयर मे ही चना बोये जाने की रिपोर्ट प्रस्तुत किया है,शासन द्वारा दलहन,तिलहन की फसलो के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानो को निशुल्क बीज का वितरण कर किसानो को प्रोत्साहित करने के लिए यह योजनाये चलाई जा रही है लेकिन कृषि विभाग के जिन व्यक्तियो के हाथो मे किसानो की आर्थिक स्थिती सुधारने का जिम्मेदारी है वही अधिकारी कृषको के लिए सबसे बड़ा बाधक साबित हो रहे है,कागजो मे बीज का वितरण कर अपनी ही आर्थिक स्थिती सुदृढ़ कर रहे है। इस संबंध मे एसडीएम रवि सिंह से चर्चा करने पर उन्होने बताया कि इस मामले की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसकी जांच रिपोर्ट भी प्राप्त हो चुकी है, आगे की कार्यवाही के लिए रिपोर्ट कलेक्टर साहब को भेजी जायेगी।

## सतनामी समाज का सामूहिक विवाह अप्रैल में होगा, पंजीयन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद



सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति रायपुर द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सतनामी सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी अग्रिम पंजीयन की प्रक्रिया शुभारंभ हो चुका है। जो कि 6 अप्रेल को सांस्कृतिक भवन प्रांगण न्यू राजेंद्र नगर गुरु घासीदास कॉलोनी रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। वही समिति के प्रदेश अध्यक्ष जय बहादुर बंजारे ने बताया कि सतनामी समाज के तयशुदा जोड़ों के लिए सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन समय व खर्च की बचत करने तथा तामझाम व फिजूलखर्ची पर रोक लगाने के उद्देश्य से 22 वर्षो से किया जा रहा है। जिसमें वर-वधू की माता-पिता की सहमति के साथ पूरे सामाजिक रीति रिवाज के अनुरूप पूरे विधि विधान से संपन्न कराया जाएगा साथ ही वर वधु पक्ष को विवाह पोशाक व श्रृंगार सामग्री समिति की ओर से प्रदान की जाएगी तथा समिति द्वारा वैवाहिक प्रमाण पत्र व यथासंभव उपहार स्वरूप सामग्री भेंट दी जाएंगी वहीं पंजीयन की प्रक्रिया शुभारंभ हो चुका है । जहां आदर्श विवाह 6 अप्रैल को संपन्न होना है। जिसमें सम्मिलित होने के लिए अति शीघ्र पंजीयन करवाये जोकी पंजीयन के लिए जागृति उत्थान समिति के पदाधिकारी व सदस्यों से संपर्क कर सकते है। जिसमें जय बहादुर बंजारे सरजू प्रसाद घृतलहरे बी आर बंजारे दिनेश खुटे पृथ्वीराज बघेल सुश्री अंजलि बरमाल रमेश बंजारे कृष्ण कुमार बरमाल महेश ढिढ़ी सुरेश कुर्रे, डी डी भारती, महेश घृतलहरे, अश्वनी बबलू त्रिवेन्द्र,फुलचंद, जितेन्द्र चेलक,पप्पु राजेन्द्र बंजारे,सुभाष कोसरे, श्याम नारंग, रामरतन, रेशम लाल घृतलहरे ,अशोक कुमार शकुंतला डहरिया शकुंतला डहरे अनीता गुरू पंच,चम्पादेवी गेंदले उमा भतपहरी, गिरिजा पाटले व अन्य सदस्य से संपर्क कर पंजीयन कराया जा सकता हैं।



## ताराशिव ग्राम पंचायत की पूर्णिमा वर्मा बनीं सरपंच

**तिल्दा नेवरा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव विगत दिनों संपन्न हुआ। जिसमें ग्राम पंचायत ताराशिव के मतदाताओं ने बढ़ चढ़ का हिस्सा लिया । ग्राम पंचायत ताराशिव का सरपंच पद महिला के लिए आरक्षित था। सरपंच पद के लिए कुल चार प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें से पूर्णिमा वर्मा विजयी घोषित की गई ।इसी प्रकार ग्राम ताराशिव के अलग-अलग वार्ड में पंचों की भी जीत सुनिश्चित हुई। वार्ड क्रमांक 1 से गंगा साहू, वार्ड 2 मानमती वर्मा ,वार्ड 3 दिनेश वर्मा ,वार्ड 4 हेमलता साहू, वार्ड 5 मैना वर्मा, वार्ड 6 विद्या वर्मा, वार्ड 7 कृपा राम वर्मा, वार्ड 8 सुरेश यादव, वार्ड 9 भुलऊ राम वर्मा ,वार्ड 10 हेमंत वर्मा ,वार्ड 11 उषा साहू ,वार्ड 12 बलराम वर्मा विजयी रहे ।सभी विजयी प्रत्याशियों ने विजय जुलूस निकाला । जिसका सभी ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया।

## सिरवे शाला भाषण और चित्रकला स्पर्धा में प्रथम



**तिल्दा नेवरा।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरवे ने जिला स्तरीय भाषण और चित्रकला में प्रथम स्थान प्राप्त कर गांव और विकासखंड का नाम रोशन किया है, 25फरवरी को रायपुर में आयोजित विविध प्रतियोगिता में सिरवे के नव्या धीरहे और जमुना निषाद ने भाषण और चित्रकला में प्रथम स्थान प्राप्त किया ,उनके इस प्रदर्शन से शाला प्रबंधन, सरपंच, पालक और माता पिता में खुशी की लहर है। प्रधान पाठक श्री ओम प्रकाश वर्मा ने बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु पूरे समर्पण भाव से हर विधाओं में श्रेष्ठ बनाने का काम किया है। आने वाले समय में ये बच्चे राज्य स्तर के प्रतियोगिता में शामिल होंगे और पुनः अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे ऐसी अपेक्षा की गई है।

## मतगणना से पूर्व ईवीएम के खुलने की तारीख दिखी चुनाव में गड़बड़ी उजागर तब कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

- मशीन की सील क्षतिग्रस्त है व कंट्रोल यूनिट में मतदान की तारीख 11 फरवरी बताने की बजाय 14 फरवरी प्रदर्शित हो रही थी



स्थानीय नगरपालिका चुनाव में ईवीएम में अनियमितता के खिलाफ लगातार शिकायतों का दौर चालू है। विभिन्न वार्डों के काँग्रेस प्रत्याशियों ने पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी के नेतृत्व में ईवीएम में गड़बड़ी और छेड़खानी की शिकायत पीठासीन अधिकारी से करते हुए ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है कि मतगणना के समय जब ईवीएम की कंट्रोल यूनिट को स्टार्ट किया जाता है, तो उसमें पिछले बार खुलने की तारीख प्रदर्शित होती है। झूलेलाल वार्ड क्रमांक 13 से काँग्रेस प्रत्याशी रीतू हरिरामानी की तरफ से निर्वाचन अभिकर्ता विजय हरिरामानी ने मतगणना के समय आपत्ति दर्ज कराई, कि मशीन की सील क्षतिग्रस्त है व कंट्रोल यूनिट में मतदान की तारीख 11 फरवरी बताने की बजाय 14 फरवरी प्रदर्शित हो रही थी। इससे संदेह उत्पन्न होता है, कि यूनिट को मतगणना से एक दिन पूर्व 14 फरवरी को खोला गया है। इस पर पीठासीन अधिकारी द्वारा मौखिक रूप से जवाब दे दिया गया, कि समय और तारीख की त्रुटि को त्रुटि नहीं माना जायेगा। इस पर हरिरामानी ने लिखित में आपत्ति दर्ज करवाते हुए लिखित में जवाब देने की बात कही, तो पीठासीन अधिकारी के रूप में एस डी एम ने आपत्ति स्वीकार कर ली, मगर 10 दिन में कोई लिखित स्पष्टीकरण या जवाब नहीं दिया गया। इसी संदर्भ में हरिरामानी व अन्य वार्डों के प्रत्याशी-गण ने पुनः लिखित आपत्ति व ज्ञापन एस डी एम को सौंपा। शैलेष नितिन त्रिवेदी ने ईवीएम में भारी अनियमितता का संदेह व्यक्त करते हुए एस डी एम से उपरोक्त मामलों से चुनाव आयोग को अवगत कराने व संतोषजनक लिखित जवाब दिलवाने की बात कही। विजय हरिरामानी ने भी कहा कि लोकतंत्र में चुनावी प्रक्रिया से लोगों का विश्वास खत्म न हो, इसके लिए शंकाओं का समाधान करते हुए त्रुटियों का स्पष्टीकरण दिया जाय।

ज्ञापन सौंपते समय ब्लॉक काँग्रेस अध्यक्ष देवादास टण्डन,, अजितेश शर्मा, के. कृष्णमूर्ति, गजानंद वर्मा, सोनू मार्कण्डेय, राजेश कोटवानी, दिलीप देवांगन, राजेश जेठवानी, किरण बाला नायक, नानकराम छाबड़यि, नीरज राठी, जितेंद्र सेन, दिनेश सोनी, राजेश दुम्बानी, होलेराम पोर्ते, नवीन अग्रवाल, कैलाश गाँधी, अनूप रवानी, लाला शर्मा, हेमलाल साहू, पवन बघेल, नरेश मानिकपुरी, योगेन्द्र पटेल व अन्य वरिष्ठ काँग्रेसी भी उपस्थित थे।

## पालिका में उपाध्यक्ष पद के लिए लाबिंग में हैं लालवानी शामिल



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा। नगर पालिका के 22 वार्डो में 12 पर भाजपा, 5 कांग्रेस व 5 निर्दलीयों ने जीते है। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी गोविंद बब्बन लालवानी ने एकतरफा सबसे अधिक 503 वोटो से जीत दर्ज किया है। वे वार्ड क्रमांक 3 से भाजपा प्रत्याशी को पराजित किया है। वहीं अब पालिका उपाध्यक्ष बनने जोड़ तोड़ भी शुरू हो गई है। भाजपा को पूर्ण बहुमत पर्याप्त है लेकिन उसे क्रास वोटिंग का डर सताए जा रही है। पिछले समय महज 6 पार्षद रहते हुए कांग्रेस ने अध्यक्ष बनाया था और 13 पार्षद भाजपा के थे जिनमें कईयों ने बढ़ चढ़ कर क्रास वोटिंग किया था लेकिन कोई कार्रवाई उन पर नहीं हो पाई। अब निर्दलीय पार्षद गोविंद लालवानी ने पालिका उपाध्यक्ष बनने लॉबिंग शुरू किया है, बताया जाता है कि उनके संपर्क में कांग्रेस सहित निर्दलीय पार्षद तो है ही साथ ही कुछ भाजपा पार्षद भी उनके संपर्क में है। इधर भाजपा ने उपाध्यक्ष पद के लिए अपने पत्ते नहीं खोले है लेकिन ईश्वर यदु को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इसके अलावा राजकुमार गेंदें भी दावेदारी कर रहे है। लेकिन बताया जा रहा है कि मंत्री टंक राम वर्मा जिसे चाहेंगे वहीं उपाध्यक्ष पद के दावेदार होंगे।

# भाजपा का सभी जिलों और कांग्रेस का 25 जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**सभी जिलों में 5 मार्च को होगा चुनाव**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पूरे होने के बाद अब जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव पांच मार्च को होना है। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस ने इसे लेकर अपना-अपना दावा किया है। जहां एक तरफ भाजपा का सभी जिलों में भाजपा के अध्यक्ष बनने का दावा है, वहीं कांग्रेस का कहना है, 25 जिलों में कांग्रेस के अध्यक्ष बन जाएंगे। पंचायत चुनाव राजनीति पार्टियों पर आधारित नहीं होते हैं। वैसे जिला पंचायतों के लिए जो सदस्यों का चुनाव होता है, उसके लिए जरूर राजनीतिक पार्टियां अपने अधिकृत प्रत्याशी तय करती है, लेकिन इनको पार्टी का चुनाव चिन्ह नहीं मिलता। ऐसे में पार्टियों के इन प्रत्याशियों के जीतने के आधार पर पार्टियां दावा करती हैं। तीन चरणों में हुए चुनाव में भाजपा और कांग्रेस का अपना-अपना दावा सामने आया है। दोनों ही पार्टियां तीन चरणों में ज्यादा सीटें जीतने का दावा कर रही हैं। इसी के साथ जिलों में बहुमत को लेकर भी दोनों पार्टियां का अपना-अपना दावा है। यही नहीं, पंच और सरपंचों की जीत को लेकर भी दोनों पार्टियां यह दावा कर रही कि उनकी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता ही ज्यादा जीते हैं।



### कांग्रेस का 18 जिलों में बहुमत का दावा

कांग्रेस संचार विभाग के सुशील आनंद शुक्ला का कहना है, कांग्रेस को 18 जिलों में बहुमत मिला है। सात जिलों में हम अन्य का साथ लेकर जिला अध्यक्ष बनाने की स्थिति में हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस के 25 जिलों में जिलाध्यक्ष बन जाएंगे।

### भाजपा का सभी जिलों में जीतने का दावा

पंचायत चुनाव के भाजपा के प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह का कहना है, पंचायत चुनाव में जिला पंचायतों के सदस्यों के चुनाव में भाजपा को 31 जिलों में बहुमत मिल गया है। ऐसे में 31 जिलों में तो भाजपा के जिलाध्यक्ष बनने तय हैं। इसी के साथ रायपुर और सुकमा में हम बराबरी पर हैं। इनमें भी हमारा प्रयास भाजपा के जिलाध्यक्ष बनाने का रहेगा।

# बंद और बीमार उद्योगों को भी मिलेगा सरकारी अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत अब पात्र बंद एवं बीमार उद्योगों को भी अनुदान की पात्रता होगी। इस संबंध में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने छत्तीसगढ़ उद्योग रोजगार अनुदान नियम 2024 बनाए हैं। खास बात ये है कि अनुदान के पात्र कर्मचारी दिव्यांग, सेवानिवृत्त अग्निवीर व आत्मसमर्पित नक्सली होंगे।

### ये होगी पात्रता

नीति के तहत पात्र नवीन एवं विद्यमान उद्यम वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ करने के बाद ही अनुदान के लिए आवेदन कर सकते हैं। उद्यमों में कार्यरत अनुदान के पात्र कर्मचारी का कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ में पंजीयन अनिवार्य होगा। नियमों के तगत अनुदान नीति में प्रवृत्त रहने की अवधि के रोजगार के संदर्भ में प्रदान की जाएगी, लेकिन नीति में प्रवृत्त रहने की अवधि में वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ करने वाले उद्यम को वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से पांच साल की अवधि तक इन नियमों के तहत अनुदान प्रदान किया जाएगा। 1 नवंबर 2024 के पहले जिन उद्योगों में अनुदान के लिए पात्र कर्मचारी को स्थायी रोजगार में रखा गया है उन्हे पात्रता नहीं होगी। लेकिन इस तिथि के



ऐसे कर्मचारियों के संदर्भ में बढ़ाई गई स्थायी रोजगार की संख्या पर अनुदान की पात्रता होगी।

### इतना रोजगार देना अनिवार्य होगा

नियम में कहा गया है कि उद्योगों में वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से न्यूनतम पांच साल या अंतिम अनुदान स्वीकृति दिना जो पश्चातवर्ती हो, तक इकाई द्वारा उत्पादनरत रहते हुए अकुशल-कुशल एवं प्रबंधकीय, प्रशासकीय वर्ग में न्यूनतम क्रमशः 100 प्रतिशत, 70 प्रतिशत, एवं 40 प्रतिशत रोजगार राज्य के मूल निवासियों को देना अनिवार्य होगा।

# मंत्री ने कहा- उद्योगों के बंद होने पर श्रम नियमों के अनुसार मिलता है मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बजट सत्र में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने पूछा कि जनवरी 2024 से 25 तक कितने उत्पादन कार्य बंद हुए। इसमें पांच उत्पादन कार्य बंद हुए, 274 लोगों को सेवा से अलग किया गया। राजनांदगांव में उत्पादन केंद्र बंद किया। उन्होंने सवाल उठाया कि खनिज से संबंधित एक जिले के पांच उत्पादन कार्य बंद हुए। सभी वित्तीय कार्यों से बंद हुए, इन लोगों को आपने सहयोग क्यों नहीं किया।

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने जवाब दिया कि उद्योग विभाग के अनुसार जो सब्सिडी दी जाती है वो दी गई है। पांचों को ब्याज अनुदान में 75 लाख 31 हजार और स्थायी पूंजी में 60 लाख की सहायता दी गई। 2023 में भी कांग्रेस के शासन काल में 18 उद्योग बंद हुए। रमन सिंह के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में पांच साल में 27 उद्योग बंद हुए। किसी का उद्योग नहीं चल पाता है तो बंद कर देते हैं। महंत ने कहा, मंत्री घबरा रहे हैं। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती हम मना रहे हैं। पंडरिया में शक्कर कारखाना खोला गया जो 18 फरवरी को बंद हुआ, क्योंकि आपने गन्ना उत्पादकों को पैसे नहीं दिए। भोरमदेव शक्कर कारखाना 26 जनवरी से बंद, जहां बिजली का भी उत्पादन होता था।



बालोद का शक्कर कारखाना बंद। हमारी सरकार ने मक्का से एथेनॉल बनाने का कारखाना तैयार किया, लेकिन वो चालू नहीं हुआ, क्योंकि उसमें भूपेश बघेल का नाम लिखा हुआ है। सूरजपुर में शक्कर कारखाना बंद। हमारी सरकार में ये व्यवस्था की गई थी कि गन्ना किसानों को फंड दिया जाए और उन्हें कोई कठिनाई ना हो। लगातार आप उद्योग बंद करेंगे, किसी को लीज पर देना चाहते हैं, किसी को किराए पर देना चाहते हैं, तो नई औद्योगिक नीति क्यों बना रहे हैं।

### नेता प्रतिपक्ष अलग प्रश्न पूछ रहे

मंत्री लखनलाल ने विधानसभा अध्यक्ष से कहा, नेता प्रतिपक्ष अलग प्रश्न पूछ रहे हैं। शक्कर कारखाने के बारे में पूछ रहे हैं, तो उसके लिए अलग से जवाब दे दिया जाएगा। रमन सिंह ने कहा, आप सिर्फ मिनी स्टील उद्योगों के बारे में सवाल पूछें। चंद्राकर ने कहा, नेता प्रतिपक्ष सीमित कैसे रह सकते हैं, वो असीमित व्यक्ति हैं।

### नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा

महंत ने पूछा जनवरी 2024 से 2025 जनवरी तक क्या एक भी मिनी स्टील प्लांट खुला है। मंत्री ने जवाब दिया कि एक भी स्टील प्लांट नहीं खुला है। महंत ने पूछा मिनी स्टील प्लांट के जो उद्योग बंद हुए, तो क्या कारखाना अधिनियम और श्रम विभाग अधिनियम के तहत प्रभावितों को मुआवजा दिया गया है। मंत्री ने कहा कि मुआवजा नहीं दिया गया है। नया उद्योग खुलने पर उन्हें सहयोग दिया जाएगा। मंत्री ने कहा, श्रम विभाग के नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।

## राज्यपाल के अभिभाषण पर अजय की आपत्ति, कहा- कौन सी 18 भाषाओं में होती है पढ़ाई

विधानसभा में राज्यपाल के सोमवार को दिए अभिभाषण पर धन्यवाद चर्चा शुरू हुई। अभिभाषण पर चर्चा से पहले पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने राज्यपाल के एक बिंदु पर सवाल खड़े किए, जिसको लेकर स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने सरकार से अपने जवाब में स्थिति स्पष्ट करने की व्यवस्था दी।



चर्चा शुरू होने से पहले भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने अभिभाषण के एक बिंदु पर प्रश्न उठाया और कहा, राज्यपाल से ऐसा कथन नहीं कहलवाना था। उन्होंने कहा कि अभिभाषण के पृष्ठ 14 में उल्लेख किया गया है कि मेरी सरकार 18 स्थानीय भाषाओं में बच्चों को स्कूलों में पढ़ाई करवा रही है। मैं जानना चाहता हूं कि छत्तीसगढ़ में ऐसी कौन सी 18 भाषाएं हैं, जिसमें पढ़ाई हो रही है? यह उल्लेख टंकण त्रुटि है या सत्य है, यह सत्यापित किया जाना चाहिए। मेरा कहना है कि राज्यपाल से ऐसा कथन नहीं कहलवाना था।

**सत्ता पक्ष ने पहली बार की आपत्ति**



इस पर स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने व्यवस्था दी कि सीएम सदन में मौजूद हैं, वे इसका निराकरण अभिभाषण पर चर्चा का उत्तर देंगे, तब इस पर प्रकाश डालेंगे। जानकार बताते हैं कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के 25 वर्षों में पहली बार सत्तापक्ष की ही ओर से अभिभाषण के बिंदु पर आपत्ति जताई गई हो। इस दौरान 24 अभिभाषण हो चुके हैं।

## 13 जिलों में 19 फूड पार्क के लिए प्रशासकीय-वित्तीय स्वीकृति

छत्तीसगढ़ के 13 जिलों के 19 विकासखंडों में 19 फूडपार्क की स्थापना के लिए प्रशासकीय-वित्तीय स्वीकृति दी गई है। विधानसभा में यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर के सवाल के जवाब में दी है। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक प्रदेश में कुल 55 विकास खंडों में फूडपार्क की स्थापना के लिए राजस्व विभाग से उद्योग विभाग के शासकीय भूमि हस्तांतरित की गई है। 19 फूड पार्क में से 9 में स्थापना हो चुकी है। स्थापनाधीन पांच फूडपार्क की स्थापना के लिए स्वीकृत परियोजना प्रस्ताव को शासन द्वारा विभिन्न कारणों से निरस्त कर दिया गया है। चार फूडपार्कों में अधोसंरचना विकास कार्य प्रगति पर है। एक फूडपार्क की भूमि वैकल्पिक व्यवस्था के लिए लंबित है। विभाग को हस्तांतरित शासकीय भूमि में फूडपार्कों की स्थापना होने के बाद उद्योग की स्थापना के लिए इकाइयों को भूमि आवंटन की कार्यवाही की जाएगी। मंत्री ने यह भी बताया कि फूडपार्क के माध्यम से रोजगार सृजन का अलग से कोई लक्ष्य नहीं रखा गया है, लेकिन फूडपार्कों की स्थापना से बड़ी संख्या में रोजगार सृजन हो सकेगा।

## वित्त मंत्री चौधरी आज पेश करेंगे आर्थिक सर्वेक्षण



छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3 मार्च को पेश होने वाले बजट के पूर्व योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी और वित्त मंत्री ओपी चौधरी आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2024-25 सदन में पेश करेंगे। सर्वेक्षण में राज्य में किन-किन क्षेत्रों में कितनी प्रगति हुई, इसका पूरा ब्योरा पेश किया जाएगा। राज्य में कृषि, उद्योग, और सेवा क्षेत्र में राज्य में किस तरह के कार्य हुए और उनमें राज्य की स्थिति क्या रही इसे लेकर डाटा दिए जाएंगे। वहीं राज्य के जीडीपी और अन्य क्षेत्रों में कतने प्रतिशत की वृद्धि हुई इस पर विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी। आर्थिक सर्वेक्षण में भाजपा सरकार का एक वर्ष कैसा बीता इस प्रगति रिपोर्ट को योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग ने तैयार किया है। सर्वेक्षण के अनुसार ही आगामी वर्ष की कार्ययोजना और बजट की आवश्यकताओं को तय करने में मदद मिलेगी। सर्वेक्षण में राज्य के हर विभाग के कार्यों और प्रदर्शन की एक छवि देखने को मिलती है। उसके अनुसार ही आगामी वर्ष के लक्ष्य तय करने में मदद मिलती है। बताया गया है कि आर्थिक सर्वेक्षण से ही राज्य की प्रगति का पैमाना तय किया जाता है।

### स्पीकर का मंत्रियों को फरमान, आश्वासन का जवाब सत्र में ही दें

विधानसभा में स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने गुरुवार को सभी मंत्रियों को हिदायत दी कि सदन में दिए आश्वासन संबंधी जवाब सत्र के दौरान दे दिया जाए। इससे पहले भाजपा के अजय चंद्राकर ने ऐसी देरी और विभागीय अफसरों के सदन को गंभीरता से न लेने की व्यवस्था का मामला उठाया। उन्होंने स्पीकर को बताया कि 16 दिसंबर 24 के सत्र में अपनी ध्यानाकर्षण सूचना के जवाब में मंत्री ने पूरी जानकारी देने का आश्वासन दिया था। विधानसभा में मंत्री के स्टेटमेंट को अफसर कितनी गंभीरता से लेते हैं, वह इससे स्पष्ट है कि आज तक मुझे जानकारी नहीं मिली। इस पर स्पीकर डॉ. सिंह ने व्यवस्था दी कि सदन में मंत्रियों के दिए आश्वासन पर उत्तर सदस्यों को सत्र में ही दिया जाए।

## अमृत मिशन योजना के कार्यों में अनियमितता की होगी जांच

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अमृत मिशन योजना के कार्यों में अनियमितता के मामले पर गुरुवार को भाजपा सदस्यों ने सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद राजधानी के एक भी घर में 24 घंटे पानी नहीं पहुंच पाया है। भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा, वो नल जल कनेक्शन योजना में अनियमितता की जानकारी समीक्षा बैठक में दे चुके हैं।



पूरे मामले में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के हस्तक्षेप के बाद पीएचई मंत्री अरुण साव ने जांच का आश्वासन दिया है। प्रश्नकाल में भाजपा सदस्य मोतीलाल साहू ने रायपुर नगर निगम के वार्डों में अमृत मिशन योजना के कार्यों में गड़बड़ी का मामला उठाया। उन्होंने कहा, अमृत मिशन की जल प्रदाय योजना के जरिए 45 वार्डों में नल-जल कनेक्शन का कार्य होना था। पाइप लाइन बिछाने के लिए सडकों की खुदाई की गई। बाद में कार्यों को अधूरा छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा, इन वार्डों में जलापूर्ति आज तक नहीं हो पाई है। भाजपा सदस्य ने पूरी योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। पीएचई मंत्री अरुण साव ने बताया कि नगर निगम के 70 वार्डों में से 20 वार्डों में अमृत मिशन योजना के जरिए पानी सप्लाई की जा रही है। उन्होंने कहा, 2 लाख 60 हजार 255 मकान हैं। इनमें से 1 लाख 95 हजार 964 नल कनेक्शन पहुंचाए जा चुके हैं। छह वार्डों में स्मार्ट सिटी और 12 वार्डों में अमृत मिशन, स्मार्ट सिटी, और पीएचई मिलाकर नल के कनेक्शन दिए जा चुके है और पानी की सप्लाई हो रही है।

**13 वार्डों में नहीं हुए नल कनेक्शन**

उन्होंने कहा कि 13 वार्डों में यहां नल के कनेक्शन नहीं हुए हैं और 19 वाड़ों में आंशिक रूप से नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। श्री साव ने माना कि रायपुर ग्रामीण में दो जगह पानी टकी बनी हैं, लेकिन नल कनेक्शन का कोई प्रावधान नहीं था। उन्होंने कहा, 2016-17 के सर्वे के आधार पर अमृत मिशन की योजना बनी थी। इसके बाद अलग परिस्थितियां बन गई हैं। चूंकि यह योजना बंद हो चुकी है। छोटे शहरों के लिए चल रही है। ऐसे में फिर से सर्वे कराकर योजना पर काम शुरू करने पर विचार करेंगे।

**सर्वे कर बिछाई गई पाइप लाइन**

भाजपा सदस्य मोतीलाल साहू, मंत्री के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने कहा, अभी भी क्षेत्रों में काम अधूरे पड़े हैं। ऐसे में कैसे सर्वे कराया जा सकता है। इस पर हस्तक्षेप करते हुए स्पीकर ने कहा, मंत्री ने सर्वे कराकर अधूरे काम को पूरा करने की बात कही है। पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने सवाल उठाया कि राजधानी रायपुर की 30 लाख आबादी है। यहां के 70 वार्डों में से एक वार्ड भी बता दें कि जहां पानी पहुंच गया है? उन्होंने कहा, करीब 411 करोड़ की नल-जल योजना की डीपीआर तैयार करने से पहले सर्वे कराया गया है? मूणत आरोप लगाया कि पाइप लाइन की ओवर लेपिंग हो रही है। पैसे की बंदरबांट की गई है। ऐसा एक भी घर नहीं है जहां 24 घंटा पानी सप्लाई हो रही हो। पीएचई मंत्री ने कहा कि सर्वे कराकर पाइप लाइन बिछाई गई।

## विधायक टेकाम ने उठाया सवाल, केशकाल की खराब सड़क कब सुधरेगी





विधानसभा में बीजेपी के केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने केशकाल कोंडागांव रोड को लेकर सवाल पूछा। उन्होंने कहा, केशकाल घाट मरम्मत के दौरान जगदलपुर कोंडागांव से होकर वाहनों को निकाला गया, इस दौरान 85 किलोमीटर की सड़क खराब हुई। ये सड़क आधी कोंडागांव विधानसभा और आधी केशकाल विधानसभा क्षेत्र में आती है। केशकाल घाट के रेनोवेशन के काम के दौरान रायपुर से आने वाला ट्रैफिक इस रोड से होकर गुजरा, जिसके कारण रोड कई जगहों से खराब हो चुकी है। विधायक के प्रश्न का जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि बांसकोठ से केशकाल रोड जिसकी लंबाई 39 किलोमीटर है, इसकी मरम्मत का काम होना है। एक से लेकर 21 किलोमीटर तक सात भागों में निविदा अनुबंधित है। 15 किलोमीटर तक डामरीकरण का कार्य पूरा हो चुका है। शेष सड़क के लिए कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। शेष 18 किलोमीटर का पैचवर्क का काम किया जा रहा है, इसका जल्द ही हम रिपेयरिंग का काम कर लेंगे। उल्लेखनीय है कि रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे-30 पर बस्तर का केशकाल घाट आता है। घाट में करीब 10 खतरनाक मोड़ हैं और इस रूट की करीब चार किमी की सड़क पूरी तरह से खराब हो गई थी। इसके बाद सड़क को बनाने का फैसला किया गया। सरकार ने टेंडर प्रक्रिया होने के बाद 2 महीने के अंदर इस सड़क को बनाया, लेकिन इस दौरान केशकाल से रूट डायवर्ट हुआ। जगदलपुर से रायपुर आने के लिए कोंडागांव, केशकाल, विश्रामपुरी चौक, मचली, गोविंदपुर, दुधावा, कांकेर होते हुए धमतरी और फिर रायपुर पहुंचा गया, जिसके बाद केशकाल से कोंडागांव तक की सड़क खराब हो गई थी। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद जब रूट फिर से शुरू किया गया तो डायवर्ट रूट वाली सड़क की मरम्मत नहीं हुई। इसे लेकर विधायक नीलकंठ टेकाम ने विधानसभा में सवाल पूछा।

### सड़क चौड़ीकरण पर भी होगा विचार

विधायक नीलकंठ टेकाम ने प्रश्न किया कि इस सड़क के चौड़ीकरण को लेकर क्या कोई प्लान है। ये रोड भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बनने वाली सड़क को कनेक्टिविटी देगी, इसलिए क्या इसका भविष्य में चौड़ीकरण होगा। डिप्टी सीएम अरुण साव ने इस पर कहा, निश्चित तौर पर ये महत्वपूर्ण सड़क है, इस पर भी हम विचार करेंगे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सीएम साय ने दीं शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल तकनीकी प्रगति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में तर्कसंगत और परिष्कृत सोच विकसित करने का आधार भी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नोबेल पुरस्कार विजेता महान भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकटरमण का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी खोज 'रमन प्रभाव' ने विज्ञान की दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

### भूपेश ने दिल्ली में संभाला कांग्रेस महासचिव का पदभार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने राष्ट्रीय महासचिव एवं पंजाब का प्रभारी बनाए जाने के बाद दिल्ली में एआईसीसी दफ्तर पहुंचकर कामकाज संभाल लिया है। कोटला मार्ग, नई दिल्ली में नवनिर्मित कांग्रेस मुख्यालय के चतुर्थ तल पर उनका कार्यालय स्थित है। इस दौरान राष्ट्रीय मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने उनसे मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता के तौर पर भूपेश ही एक मात्र नेता हैं, जिन्हें कमान दी गई है। आने वाले समय में पंजाब राज्य में विधानसभा चुनाव में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

### 1 मार्च को इंड्रस्टीज डायलाग

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित मेफयर लेक रिसार्ट में 1 मार्च को इंड्रस्टीज डायलाग कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में वाणिज्य उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन भी शामिल होंगे। बताया गया है कि वाणिज्य एवं उद्योग सचिव रजत कुमार कार्यक्रम में संबोधन की शुरुआत करेंगे। बताया गया है कि इस कार्यक्रम के स्वरूप में कुछ बदलाव भी किया गया है। अब सरकार उद्योगपतियों को ऑफर लेटर देगी।


# भाजपा का सभी जिलों और कांग्रेस का 25 जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने का दावा

## सभी जिलों में 5 मार्च को होगा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पूरे होने के बाद अब जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव पांच मार्च को होना है। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस ने इसे लेकर अपना-अपना दावा किया है। जहां एक तरफ भाजपा का सभी जिलों में भाजपा के अध्यक्ष बनने का दावा है, वहीं कांग्रेस का कहना है, 25 जिलों में कांग्रेस के अध्यक्ष बन जाएंगे। पंचायत चुनाव राजनीति पार्टियों पर आधारित नहीं होते हैं।

वैसे जिला पंचायतों के लिए जो सदस्यों का चुनाव होता है, उसके लिए जरूर राजनीतिक पार्टियां अपने अधिकृत प्रत्याशी तय करती है, लेकिन इनको पार्टी का चुनाव चिन्ह नहीं मिलता। ऐसे में पार्टियों के इन प्रत्याशियों के जीतने के आधार पर पार्टियां दावा करती हैं। तीन चरणों में हुए चुनाव में भाजपा और कांग्रेस का अपना-अपना दावा सामने आया है। दोनों ही पार्टियां तीन चरणों में ज्यादा सीटें जीतने का दावा कर रही हैं। इसी के साथ जिलों में बहुमत को लेकर भी दोनों पार्टियां का अपना-अपना दावा है। यही नहीं, पंच और सरपंचों की जीत को लेकर भी दोनों पार्टियां यह दावा कर रही कि उनकी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता ही ज्यादा जीते हैं।



### कांग्रेस का 18 जिलों में बहुमत का दावा

कांग्रेस संचार विभाग के सुशील आनंद शुक्ला का कहना है, कांग्रेस को 18 जिलों में बहुमत मिला है। सात जिलों में हम अन्य का साथ लेकर जिला अध्यक्ष बनाने की स्थिति में हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस के 25 जिलों में जिलाध्यक्ष बन जाएंगे।

### भाजपा का सभी जिलों में जीतने का दावा

पंचायत चुनाव के भाजपा के प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह का कहना है, पंचायत चुनाव में जिला पंचायतों के सदस्यों के चुनाव में भाजपा को 31 जिलों में बहुमत मिल गया है। ऐसे में 31 जिलों में तो भाजपा के जिलाध्यक्ष बनने तय हैं। इसी के साथ रायपुर और सुकमा में हम बराबरी पर हैं। इनमें भी हमारा प्रयास भाजपा के जिलाध्यक्ष बनाने का रहेगा। सभी स्थानों पर भाजपा के प्रत्याशी जिला अध्यक्षों का चुनाव लड़ेंगे और जीतकर आएंगे।

# बंद और बीमार उद्योगों को भी मिलेगा सरकारी अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत अब पात्र बंद एवं बीमार उद्योगों को भी अनुदान की पात्रता होगी। इस संबंध में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने छत्तीसगढ़ उद्योग रोजगार अनुदान नियम 2024 बनाए हैं। खास बात ये है कि अनुदान के पात्र कर्मचारी दिव्यांग, सेवानिवृत्त अग्निवीर व आत्मसमर्पित नक्सली होंगे।

### ये होगी पात्रता

नीति के तहत पात्र नवीन एवं विद्यमान उद्यम वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ करने के बाद ही अनुदान के लिए आवेदन कर सकते हैं। उद्यमों में कार्यरत अनुदान के पात्र कर्मचारी का कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ में पंजीयन अनिवार्य होगा। नियमों के तगत अनुदान नीति में प्रवृत्त रहने की अवधि के रोजगार के संदर्भ में प्रदान की जाएगी, लेकिन नीति में प्रवृत्त रहने की अवधि में वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ करने वाले उद्यम को वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से पांच साल की अवधि तक इन नियमों के तहत अनुदान प्रदान किया जाएगा। 1 नवंबर 2024 के पहले जिन उद्योगों में अनुदान के लिए पात्र कर्मचारी को स्थायी रोजगार में रखा गया है उन्हे पात्रता नहीं होगी। लेकिन इस तिथि के ऐसे कर्मचारियों के संदर्भ में बढ़ाई गई स्थायी रोजगार की संख्या पर अनुदान की पात्रता होगी।



### इतना रोजगार देना अनिवार्य होगा

नियम में कहा गया है कि उद्योगों में वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से न्यूनतम पांच साल या अंतिम अनुदान स्वीकृति दिना जो पश्चातवर्ती हो, तक इकाई द्वारा उत्पादनरत रहते हुए अकुशल-कुशल एवं प्रबंधकीय, प्रशासकीय वर्ग में न्यूनतम क्रमशः 100 प्रतिशत, 70 प्रतिशत, एवं 40 प्रतिशत रोजगार राज्य के मूल निवासियों को देना अनिवार्य होगा।

### अनुदान की वसूली भी हो सकती है

नियम में ये भी कहा गया है कि यदि ये पाया जाता है कि कि उद्यम द्वारा कोई तथ्य छिपाए गए हैं या तथ्यों को गलत ठंग से प्रस्तुत किया गया है और गलत तरीक से अनुदान लिया गया है को अनुदान की पूरी राशि साढ़े 12 प्रतिशत प्रतिशत ब्याज सहित वसूली भू-राजस्व की बकाया की वसूली के अनुसार की जाएगी।

# ईडी मामले में कांग्रेस नेताओं की आपात बैठक, आगे की रणनीति पर किया विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा सुकमा-कोंटा कांग्रेस भवन निर्माण के संबंध में पार्टी को समन जारी किए जाने के बाद कांग्रेस नेता राजीव भवन में एक आपात बैठक की। पूरे मामले में कांग्रेस द्वारा जवाब दिए जाने के बाद अब आगे इस मामले पार्टी का रुख क्या रहेगा इस पर चर्चा की गई।

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रवर्तन निदेशालय के समन को लेकर और जांच एजेंसी को जवाब देने के बाद दोबारा पूछताछ के लिए प्रभारी महामंत्री को बुलाने पर चर्चा हुई। बैठक में यह तय किया गया कि ईडी को सभी सवालों के जवाब दिए जाएंगे, लेकिन इसके लिए कुछ और समय मांगा जाएगा। कांग्रेस कानूनी आधार पर अपना पक्ष मजबूती से रखने की तैयारी कर रही है। पूरे मामले में भाजपा सरकार द्वारा विपक्ष को दबाने के प्रयासों को लेकर जनता के बीच ले जाने पर भी चर्चा हुई। ईडी द्वारा मामले में कांग्रेस भवन को कुर्क करने की संभावनाओं पर भी चर्चा के बाद यह रणनीति तय की गई कि मामले का पुरजोर विरोध किया जाएगा। वहीं ईडी के पास इसके संबंध में जो तथ्य हैं, उसके अनुसार पार्टी सार्वजनिक उपयोग के भवन को कैसे बचाए, इसे लेकर चर्चा की गई। वहीं कानूनी आधार पर अपना पक्ष कैसे तजबूत करें, इसे लेकर चर्चा की गई।



■ पीसीसी अध्यक्ष बैज की अध्यक्षता में समन से जुड़े मुद्दे पर बातचीत

### ये थे मौजूद

बैठक में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा, पूर्व पीसीसी अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, प्रभारी महासचिव मलकीत सिंह गैंदू, पूर्व मंत्री डॉ. शिव डहरिया, उमेश पटेल, अनिला भेडिया, प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे।

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर 27,480 सदस्यों को भेजी गई सूचना**

# चैंबर चुनाव के लिए सदस्यों को डाक विभाग से अधिकृत सूचना, 5 मार्च को होगा प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव को लेकर जहां व्यापारिक संगठनों में हलचल मची है, वहीं चैंबर के प्रदेशभर के 27,480 सदस्यों को चुनाव की अधिकृत सूचना डाक विभाग के माध्यम से भेजी गई। निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचंद्र गोलछा ने बताया कि चैंबर चुनाव 2025 की चुनाव प्रक्रिया के तहत 5 मार्च को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 6 से 8 मार्च तक मतदाता सूची में त्रुटि सुधार के आवेदन सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक लिये जायेंगे। चैंबर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली के निर्देश अनुसार उनके हस्ताक्षर युक्त सूचना पत्र चैंबर के 27,480 सदस्यों को मुख्य डाकघर रायपुर के माध्यम से भेजने सौंपा गया। निर्वाचन अधिकारी प्रकाशंद्र गोलछा, अनिल कुचेरिया और चैंबर चुनाव कार्यालय प्रभारी शशिकांत गुप्ता की उपस्थिति में डिप्टी पोस्ट



मास्टर दीपक वासनिक को यह सौंपा।

चैंबर चुनाव में इस बार जय व्यापार पैनल और व्यापारी एकता पैनल के बीच मुकाबला है। प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष चुनने 10 चरण में प्रदेशभर में मतदान होंगे। इस बार के चैंबर चुनाव में जय व्यापार पैनल से प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अमर पारवानी, महामंत्री पद के लिए अजय भसीन और कोषाध्यक्ष के लिए उत्तम गोलछा को प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा गया है। जबकि व्यापारी एकता पैनल ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। प्रत्याशियो के चयन और चैंबर चुनाव को लेकर व्यापारी एकता पैनल की अहम बैठक 28 फरवरी को शाम 4 बजे राजधानी के हॉटल आदित्य में रखी गई है। जिसमें व्यापारी एकता पैनल प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए पैनल से प्रत्याशी का ऐलान करेगी।

### जिलेवार मतदान केन्द्र इस तरह से

- 14 अप्रैल दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़, सरस्वती शिशु मंदिर अंबिकापुर
- 15 अप्रैल मेनोनाइट हिन्दी हायर सेकंडरी स्कूल धमतरी, 16 अप्रैल को सरस्वती शिशु मंदिर लक्ष्मीपुर रायगढ़
- 20 और 21 अप्रैल अग्रसेन भवन सेक्टर 6 भिलाई
- 24 अप्रैल उदयाचल भवन राजनांदगांव, 27 अप्रैल झूलेलाल मंगल भवन बिलासपुर
- 3 मई गुजराती शाला भवन देवेन्द्र नगर रायपुर और 4 मई सरस्वती शिशु मंदिर देवेन्द्र नगर में मतदान होगा।

## खबर संक्षेप

### नवनिर्वाचित पार्षद अमर और सचिन का किया सम्मान



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई ने गुरुवार को स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड के नवनिर्वाचित पार्षद अमर गिदवानी और अरविंद दीक्षित वार्ड के पार्षद सचिन मेघानी का सम्मान किया और दोनों पार्षदों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। दोनों पार्षदों द्वारा शपथ लेने के बाद उनके स्वागत में कार्यक्रम रखा गया। इसी दौरान सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने दोनों पार्षदों का स्वागत किया और कहा, वार्ड की सेवा दोनों अच्छी तरह से करें, ऐसी कामना करते हैं। स्वागत करने वालों में बीजेपी जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ, धनेश मटलानी, संदीप मेघानी, मनीष थारानी, ईश्वर नाग आदि उपस्थित थे।

### भारतीय पेंशनर मंच का अधिवेशन 2 को

**रायपुर।** भारतीय पेंशनर्स मंच का प्रांत स्तरीय प्रथम अधिवेशन 2 मार्च को महाराष्ट्र मंडल भवन चौबे कालोनी आयोजित है। प्रातः 11 बजे से अधिवेशन की शुरुआत होगी। रायपुर में आयोजित इस प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता वी.एस यादव, संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय पेंशनर्स मंच करेंगे।

## निधन

### केएम सजी

**रायपुर।** हाउसिंग बोर्ड कालोनी खिलोरा निवासी केएम सजी (49) का 26 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 मार्च को प्रातः 9 बजे खिलोरा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सुमा सजी के पति तथा सुमीत सजी के पिता थे।



### गिरीश सोनी

**रायपुर।** गायत्री नगर जगन्नाथ मंदिर के पास निवासी गिरीश सोनी का निधन 27 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे अमित सोनी के पिता थे।



### हर्ष मिश्रा

**रायपुर।** सड्डू निवासी हर्ष मिश्रा का 25 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे सरिता मिश्रा के पति, उत्कर्ष मिश्रा एवं साक्षी मिश्रा के पिता थे। वे जगदलपुर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी थे। उनके निधन पर कर्मचारी नेता विजय कुमार झा, विश्वविद्यालय कर्मचारी नेता प्रदीप मिश्रा एवं मैथिल ब्राह्मण समाज के संरक्षक डॉ आशुतोष झा सहित आदि ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।




**// आम-सूचना //**

(वाके मौजा ग्राम-रायपुरा (कुशल गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, रायपुर) प.ह.नं. 57, रा.नि.मं.- रायपुर-1- रायपुरा,तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) में स्थित परिवर्तित भूमि जिसका भूखण्ड क्र. 64का भाग, खसरा नंबर 379/482,रकबा 3000वर्गफुट याने 0.0280 हेक्टेयर भूमि के संबंध में)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री कपिल कुमार बिसेन पिता-स्व.श्री बलिराम बिसेन निवासी- म.नं. 865, तिहारा चौक शिवम एजुकेशन के पीछे रायपुरा, रायपुर (छ.ग.) वाले ने विक्रेता- श्रीमती सौम्या शुक्ला पति- श्री अभिनव शुक्ला निवासी- म.नं. 80, कुशल गृह निर्माण सहकारी समिति,रायपुरा,रायपुर (छ.ग.) वाली की भूमिस्वामी हक, स्वामित्व व आधिपत्य की परिवर्तित भूमि वाके मौजा ग्राम-रायपुरा(कुशल गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, रायपुर) प.ह.नं. 57, रा.नि.मं.- रायपुर-1- रायपुरा,तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) में स्थित परिवर्तित भूमि जिसका भूखण्ड क्र. 64का भाग, खसरा नंबर 379/482, रकबा 3000वर्गफुट याने 0.0280 हेक्टेयर भूमि जिसके उत्तर में- भूखण्ड क्र. 63, दक्षिण में भूखण्ड क्र. 65 सत्या शर्मा की भूमि, पूर्व में- रास्ता व गुप्ता जी का मकान एवं पश्चिम में- शुक्ला जी का मकान स्थित है। उपरोक्त भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर विक्रय- अनुबंध का निष्पादन करा लिया है। उक्त भूमि का मात्र विक्रय-पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वत्व व आधिपत्य के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, साहूकार, संस्था, फर्म, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक व निजी बैंक, निगम, शासकीय व अर्धशासकीय विभाग आदि को किसी भी प्रकार से आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिनों के भीतर सुसंगत दस्तावेज सहित व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद सौदाशुदा भूमि का विक्रय-पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करा लिया जावेगा। बाद में की गई आपत्ति अमान्य/ शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.) — मनोज कुमार सोनकर अधिवक्ता
दिनांक 27/02/2025 — पता- कमरा नं.- 110, टेबल नं. 30 सिविल कोर्ट, रायपुर(छ.ग.)
मो.नं. 98271-18181


# इस गर्मी भी संकटग्रस्त इलाकों की प्यास बुझाएंगे टैंकर, प्रति ट्रिप का किराया 490 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम शहर के जलसंकट प्रभावित क्षेत्रों में 15 मार्च से किराये के टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझायेगा। 490 रुपये प्रति ट्रिप की दर से नगर निगम अनुबंधित ठेकेदार को पानी टैंकर का किराया भुगतान करेगा। यह किराया पिछले साल की तुलना में 40 रुपये ज्यादा है।

**अलग खबर**

पिछली गर्मी में 450 रुपये प्रति ट्रिप के के हिसाब से पानी टैंकर का किराया भुगतान करना पड़ा था। जल विभाग के अधिकारियों का कहना है, गर्मी के समय जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में 30 से 35 किराये के टैंकर की जरूरत पड़ेगी। रायपुर शहर इस बार भी टैंकर मुक्त नहीं हो सका है। नगर निगम के जल विभाग ने गर्मी में पेयजल संकट से निपटने किराये के टैंकर चलवाने टेंडर किया, जिसमें 6 ठेकेदारों ने निविदा भरी। इस निविदा में सबसे कम दर 490 रुपये प्रति ट्रिप कोड किया है।

## पिछले साल की तुलना में किराए के टैंकर की दर 40 रुपए ज्यादा

### 50 लाख रुपए किराए के टैंकर पर होंगे खर्च

जल विभाग ने इस गर्मी सीजन में जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की प्यास बुझाने 50 लाख रुपये का का टेंडर ट्रिप के आधार पर किया है। विडंबना ये है अमृत मिशन योजना के तहत करीबन 1 लाख 75 हजार घरों में नई पाइप लाइन बिछाकर कनेक्शन देने और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 130 करोड़ रुपये शहर के 15 चयनित वार्डों के 20 हजार घरों में 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना का लाभ इस बार गर्मी के समय लोगों को मिल पायेगा या नहीं, यह स्थिति अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है, जबकि शहर की सबसे बड़ी मोतीबाग पानी टंकी और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया बनाकर 176 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन बिछाकर इंटर कनेक्शन देने का काम पूरा हो गया है।



### जल विभाग की बैठक आज पेयजल स्थिति की होगी समीक्षा

नगर निगम के जल विभाग द्वारा शहर के दस जोन के 70 वार्डों में पेयजल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति को लेकर गांधी सदन में शाम 4 बजे समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में नगरनिगजल विभाग के अधिकारियों के अलावा दस जोन के विभागीय अधिकारी व कर्मचारी शामिल होंगे। बैठक में जल संकट प्रभावित क्षेत्रों की जोनवार जानकारी लेकर प्रभावित इलाकों में पानी टैंकर की डिमांड का ब्योरा मंगाया जायेगा।

### 40 रुपए प्रति ट्रिप दर ज्यादा

नगर निगम द्वारा गर्मी के दिन में पेयजल संकट की स्थिति से निपटने मार्च माह में किराये के टैंकर के लिए निविदा की गई। इस बार ज्यादातर ठेकेदारों ने पिछले बार के किराये के टैंकर की प्रति ट्रिप दर से ज्यादा रेट कोड किया। जल विभाग ने किराये के टैंकर के लिए 490 रुपये प्रति ट्रिप दर तय की है। जो कि पिछले बार की दर से 40 रुपए ज्यादा है।

## जोन में चलने वाले ऑटो के लिए लाल, हरा, पीला तथा नीला कलर कोड


# अब ऑटो के दबाव से मुक्त करने शहर को चार जोन में बांटा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायरपुर

राजधानी की सड़कों पर अव्यवस्थित तरीके से दौड़ रहे 20 हजार से ज्यादा ऑटो का संचालन स्मूथ करने ट्रैफिक पुलिस ने शहर को चार जोन में बांटकर ऑटो संचालन करने की योजना बनाई है। किस जोन में कौन सा ऑटो चलना है, इसके लिए कलर कोड भी निमर्धारित किया गया है। शहर के व्यस्त मार्ग शास्त्री चौक पर ट्रैफिक का दबाव कम करने तीन माह पूर्व ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो की आवाजाही पर रोक लगा दी है। इसके बाद से शास्त्री चौक पर ट्रैफिक स्मूथ हो गया है।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार ऑटो संचालित करने रेलवे स्टेशन, शंकर नगर, बस स्टैंड तथा टैगोर नगर जोन बनाया गया है। सभी जोन का केंद्र बिंदु जयस्तंभ चौक है। ट्रैफिक पुलिस ने सर्वे में पाया है कि शहर में संचालित 10 में से केवल चार ई-रिक्शा को सवारियां मिल पाती हैं। शेष अन्य छह ई-रिक्शा सवारी के लिए इधर-उधर भटकते रहते हैं। इसके कारण शहर के व्यस्त मार्गों पर अकाराण जाम की स्थिति निर्मित होती है।

**कलर बताएगा ऑटो किस जोन का**




ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो के लिए जो जोन निर्धारित किया है, उसके मुताबिक रेलवे स्टेशन के लिए रेड, बस स्टैंड के लिए पीला, शंकर नगर के लिए हरा तथा टैगोर नगर के लिए नीला कलर है। इन चार जोन में संचालित होने वाले ऑटो में उस कलर की रेडियम पट्टी लगाई जाएगी। साथ ही संबंधित जोन में चलने वाले ऑटो चालक को उसी रंग का ट्रैफिक पुलिस आईडी कार्ड जारी करेगी। इसके अलावा स्कूल बसों के लिए सफेद कलर निर्धारित किया गया है। सफेद कलर को शहर के किसी भी स्थान पर आवाजाही करने छूट रहेगी।

### जोन स्तर पर ऐसे किया रूट निर्धारण

**रेलवे स्टेशन जोन** - स्टेशन गेट नंबर 01, 02, तेलघानीनाका, गंज, राम नगर, भारतमाता चौक, मौदहापारा, कोटा, सरस्वतीनगर, कबीर नगर, हीरापुर, तेंदुआ, गोगांव, अशोक नगर, समता कालोनी, चौबे कालोनी, रामसागर पारा, बढ़ई पारा, तात्यापारा, केके रोड, एमजी रोड, रामकुंड, गीतानगर, भारतमाता स्कूल की ओर, शास्त्री चौक से मरहीमाता-देवेन्द्र नगर-फाफाडीह चौक-स्टेशन चौक के बांयी ओर के समस्त क्षेत्र एवं शास्त्री चौक से जयस्तंभ चौक-शारदा चौक-तात्यापारा चौक आजाद चौक आमापारा तिराहा, आश्रम तिराहा, आयुर्वेदिक कालेज टर्निंग, एनआईटी के सामने विश्व विद्यालय गेट, महोबाबाजार चौक, कबीरनगर तिराहा, टाटीबंध चौक के दाहिने ओर के समस्त क्षेत्र।

**शंकर नगर जोन** - उरला, बीरगांव, उरकुरा, सरोना, भनपुरी, खमतराई, गुढ़ियारी, देवेन्द्र नगर, फाफाडीह, रमन मंदिर, स्टेशन रोड, पंडरी, गोंदवारा, राजा तालाब, मोवा, दलदल सिवनी, दुबे कालोनी, पंडरी, श्यामतराई, मंडी, अनुपम नगर, शंकर नगर, खम्हारडीह, कचना, सड्डू, राजीव नगर, अग्रसेन धाम चौक एवं जोरा से तेलीबांधा थाना होकर जीई रोड में शास्त्री चौक तक एवं शास्त्री चौक से मरहीमाता चौक, देवेन्द्र नगर, फाफाडीह चौक, स्टेशन चौक गेट नंबर एक एवं दो के दाहिनी ओर के समस्त क्षेत्र।

**बस स्टैण्ड जोन** - शास्त्री मार्केट, मालवीय रोड, गोल बाजार, नवापारा, सदर बाजार, आमापारा, लाखेनगर, कंकालीपारा, ब्राम्हणपारा, बुढ़ापारा, पुरानी बस्ती, सुंदर नगर, खोखोपारा, प्रोफेसर कालोनी, डंगनिया, डीडीनगर, चंगोरा भांठा, रायपुरा, सरोना, आमानाका, कुशालपुर, भाठागांव, मठपुरैना, काठाडीह, मठपारा, टिकरापारा, संजय नगर, छत्तीसगढ़ नगर, धरमनगर, लक्ष्मीनगर, पचपेड़ीनाका, संतोषीनगर, बोरियाखुर्द, कमल विहार, डुंडा, शास्त्री चौक से जयस्तंभ, शारदा चौक, तात्यापारा चौक, आमापारा तिराहा, आयुर्वेदिक कालेज तिराहा, विश्व विद्यालय गेट के सामने, महोबा बाजार चौक, कबीर नगर तिराहा, टाटीबंध चौक के बांये ओर के संपूर्ण क्षेत्र था शास्त्री चौक से बंजारी चौक, महिला थाना, कालीबाड़ी, सिद्धार्थ चौक, पचपेड़ी नाका चौक, डुमरतराई, देवपुरी के दाहिने ओर के संपूर्ण क्षेत्र।

**टैगोर नगर जोन** - तेलीबांधा, राजेन्द्र नगर, महावीर नगर, पुरैना, अमलीडीह, कांशीराम नगर, प्रियदर्शनी नगर, श्याम नगर, पंचशील नगर, कटोरा तालाब, सिविल लाईन, बैरन बाजार, पुलिस लाईन, पेंसनबाड़ा, टैगोर नगर, शैलेन्द्र नगर, अग्रसेन धाम चौक एवं जोरा से तेलीबांधा थाना होकर जीई रोड में शास्त्री चौक तक के बांये ओर के समस्त क्षेत्र तथा शास्त्री चौक से बंजारी चौक, महिला थाना चौक, कालीबाड़ी, सिद्धार्थ चौक, पचपेड़ीनाका चौक, एमएमआई चौक, देवपुरी चौक, कमल बिहार चौक, डुमरतराई चौक के बांयी ओर के संपूर्ण क्षेत्र।

# महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजीवनगर कलोनी के शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर समिति के संचालक रोहित सिंघानिया एवं मोहित सिंघानिया तथा मंदिर के पुजारी के मार्ग दर्शन में रूद्रीपाठ व जल-दुग्ध महाभिषेक संपन्न हुए, पश्चात भगवान शिवजी को भोग लगाया गया। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, पार्षद साधना प्रमोद साहू, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कन्हैया अग्रवाल तथा राजकुमार राठी, अनूप अग्रवाल, अश्विनी बक्शी, नवरतन माहेश्वरी आदि अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सिंघानिया परिवार एवं कालोनीवासी द्वारा श्री शिवजी की विशेष मनोहारी श्रृंगार किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होते रहे। छप्पन भोग लगाकर शिवजी का महाआरती किया गया एवं भंडारे का आयोजन हुआ जो रात तक चलता रहा।

# दो दर्जन से ज्यादा हमपेशा साथियों को जमीन बेचने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाला हवलदार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पांच वर्ष पूर्व जमीन बेचने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने के आरोपी हवलदार को सिविल लाइंस पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिस पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया है, उसने अपने हमपेशा साथियों के साथ ठगी की थी। गिरफ्तार हवलदार की वर्ष 2019 से लेकर अब तक लोक आयोग में तैनाती होना बताया जा रहा है। पुलिस हवलदार के तीन साथी राज कश्यप सहित अन्य दो को पहले ही गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर चुकी है। पुलिसकर्मियों के साथ ठगी करने के आरोप में सिविल लाइंस पुलिस ने जयदेव वर्मा नाम के पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया है। जयदेव के खिलाफ टिकरापारा, गुढ़ियारी, सिविल लाइंस, गंज में वर्ष 2019 में तैनात पुलिसकर्मियों ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी।

- गिरफ्तार हवलदार अपने आपको एसीबी में पदस्थ होना बताता था
- हवलदार ने पांच वर्ष पूर्व एएसआई, एसआई सहित दो दर्जन से ज्यादा पुलिसकर्मियों के साथ की थी ठगी



### अपने आपको एसीबी में तैनात होना बताता था

जयदेव अपनी पहचान छिपाने अपने आपको एसीबी में तैनात होना बताता था। साथी पुलिसकर्मियों ने जयदेव के अपने हमपेशा साथी होने की वजह से विश्वास में जमीन लेने रकम दे दी थी। बताया जा रहा है, जयदेव ने कुछ पुलिसकर्मियों को कुछ रकम लौटाया भी था। बाद में उसने पैसे लौटाना बंद कर दिया। विभागीय होने की वजह से पुलिस जयदेव को गिरफ्तार करने से बच रही थी।

ठगी की शिकायत दर्ज होने के बाद जयदेव की विभागीय जांच भी की गई, लेकिन उसकी गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई थी।

### एसएसपी के संज्ञान में लेने के बाद गिरफ्तारी

जमीन बेचने के नाम पर ठगी करने वाले पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी नहीं होने से आहत ठगी के शिकार पुलिसकर्मियों ने जयदेव की शिकायत एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद से की। एसएसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जयदेव वर्मा को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। इसके बाद सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने जयदेव को गिरफ्तार किया।

### साथियों को रकम लौटाने झूठा आश्वासन

जयदेव ने अपने हमपेशा साथियों को सेजबहार में कम कीमत में जमीन दिलाने का झांसा देकर जमीन दलाल राज कश्यप तथा दो अन्य के साथ मिलकर किस्तों में पैसे वसूले। किस्त जमा करने के बाद भी जमीन नहीं मिलने पर जयदेव ने अपने साथी पुलिसकर्मियों को जल्द पैसा लौटाने का झांसा देता रहा। पैसा नहीं मिलने पर ठगी के शिकार पुलिसकर्मियों ने जयदेव के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। ठगी के शिकार होने वाले पुलिसकर्मियों में आरक्षक से लेकर एएसआई से लेकर एसआई स्तर तथा क्राइम ब्रांच के पुलिसकर्मी शामिल हैं।

## पेज 11 के शेष

### तालाबों में नहाना ....

जैसे रासायनिक तत्व हैं, जो गहरे पानी में ऑक्सीजन की कमी के कारण उत्पन्न होते हैं। पानी का कुल टीडीएसम, घुलनशील ठोस स्तर 280 से 300 तक है, लेकिन ऑक्सीजन का स्तर घटने और रासायनिक तत्वों की अधिकता के कारण पानी अब मानव उपयोग के लिए भी उपयुक्त नहीं रह गया है। यह स्थिति न केवल जलीय जीवों के लिए खतरनाक है, बल्कि यह पानी की गुणवत्ता में भी गंभीर गिरावट को दर्शाता है।

**तालाब का पीएच लेवल 9.0 से अधिक** - नहाने के लिए पानी की गुणवत्ता निर्धारित करने के लिए सिर्फ टीडीएस ही नहीं, बल्कि पानी की अन्य विशेषताएं जैसे पीएच स्तर, कठोरता और अन्य रासायनिक तत्व भी महत्त्वपूर्ण होते हैं। डगनिया और खो-खो तालाब में पीएच 9.0 के बीच पहुंच गया है, जिसे 6.5 से 8.5 होना चाहिए। पीएच बढ़ने से पानी अधिक क्षारीय हो गया है। पानी में कैल्शियम, मैग्नीशियम और अन्य तत्वों की घुलनशीलता प्रभावित हो चुकी है। क्षारीय पानी भी मछलियों और अन्य जलीय जीवन के लिए हानिकारक हो चुका है। दोनों तालाब का टीडीएस लेवल 280 से 300 के बीच है। एक्सपर्ट के मुताबिक तालाब के पानी का पीएच लेवल 6.5 से 8.5 के बीच बनाए रखना जरूरी है।

### मीनल सहित 69 ....

**शपथ ग्रहण के दौरान गूंजते रहे नारे, कार्यकर्ताओं में दिखा जबरदस्त जोश** - डेढ़ दशक बाद शहरी सत्ता में भाजपा की वापसी को लेकर इंडोर स्टेडियम में कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा जोश दिखाई दिया। बड़ी संख्या में महिला और पुरुष कार्यकर्ता इंडोर स्टेडियम की गैलरी में शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बनने मौजूद रहे। शपथ ग्रहण के दौरान कभी जय श्रीराम, कभी छत्तीसगढ़ महतारी की जय और जय श्रीकृष्ण के नारे गूंजते रहे। खास बात ये रही, कार्यक्रम स्थल पर स्टेज की थीम भगवामय रही।

**भीड़ में पाकिटमारी, युवक को पकड़ा, 2 मोबाइल सहित पर्स जब्त**-बूढ़ापारा स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भीड़ में पाकिटमारी की घटना की सामने आयी। मौके पर तैनात पुलिस के जवानों ने एक युवक को पाकिटमारी करते पकड़ा। तलाशी के दौरान उसकी जेब से 2 मोबाइल और पर्स भी जब्त हुये। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता सहित विभिन्न वार्डों से भाजपा समर्थक सहित शहरवासी शामिल होने पहुंचे थे।

**नाश्ता डिब्बा के लिए टूट पड़ी भीड़, धक्का मुक्की से लोग परेशान**- शपथ ग्रहण समारोह समाप्त होते ही इंडोर स्टेडियम के प्रवेश द्वार पर आयोजकों की ओर से नाश्ते के पैकेट की व्यवस्था की गई। लोगों की भीड़ इतनी ज्यादा थी कि नाश्ता पैकेट के लिए धक्का-मुक्की की स्थिति बनी। इससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। कुछ लोगों की चप्पल टूटी, तो कुछ धक्का खाते किसी तरह बाहर निकले। वापसी में निकास द्वार पर पुलिस जवान की मौजूदगी नहीं होने से महिलाओं और बुजुर्गों को ज्यादा परेशानी हुई।

**पारिवारिक समारोह में शहर से बाहर**

मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड नंबर 45 की नवनिर्वाचित पार्षद अर्जुमन ढेबर ने कहा है कि वे पारिवारिक समारोह में शहर से बाहर होने के कारण गुरुवार को इंडोर स्टेडियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित नहीं हो पाईं। इसका उन्हें खेद है। 28 फरवरी को दोपहर 12 बजे रायपुर कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर शपथ लेंगी। उनका ये भी कहना है कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगी।

### नशे के सौदागरों ....

कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर पिट एनडीपीएस के तहत जेल भेजे जाने की कार्रवाई की जाएगी। बिलासपुर पुलिस ने पिछले दिनों बिलासपुर के बड़े तस्कर गिन्नी जांगड़े , संजीव छाबड़ा, सुरेश कुमार, संतोष राठौर, कृष्णा गाइन सहित 15 तस्करों की संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई की है।

**इन थाना के तस्करों की संपत्ति हो सकती है अटैच** - पुलिस ने जिले के सभी थानों से मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त में लगे तस्करों के बारे में जानकारी मांगी है। सूत्रों के मुताबिक कोतवाली के साथ माना, पंडरी, टिकरापारा, खमतराई, मंदर हसौद, आमानाका तथा कबीर नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले आठ से दस तस्करों की जल्द ही संपत्ति जब्त करने की पुलिस प्रक्रिया शुरू कर सकती है।

# चैंबर चुनाव में सभी क्षेत्र को मिले समान अवसर, आपत्ति के कारण फिर मची रार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आगामी दिनों में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री रायपुर का चुनाव है। यह चुनाव छत्तीसगढ़ स्तर का है। इस चुनाव में संविधान की अनियमितताएं और सदस्यों के अधिकारों का संवैधानिक तरीके से हनन किया जा रहा है। ऐसा करके क्षेत्र विशेष के सदस्यों को ही लाभ एवं स्वयं के स्वार्थ के लिए चैंबर का उपयोग करने वाले विषयों को उजागर करना एवं लोकतांत्रिक तरीके से पूर्ण चुनाव एवं चयन करके सभी क्षेत्र को समान नेतृत्व एवं समान विकास की मांग करना जरूरी है।

मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता का उद्देश्य यही है कि ऐसा करने वाले इसे समझें। यह बात गुरुवार को कमल सोनी, हरख मालू और पवन सोनी ने कही। उन्होंने कहा कि संविधान में क्षेत्र विशेष से जुड़े व्यापारी सदस्य को लाभ पहुंचाने के लिए गत वर्ष मूल संविधान में संशोधन किया गया। हमारी मांग है कि हर सदस्य को चुनाव लड़ने का अधिकार मिले, केवल रायपुर के लोग ही प्रमुख पदों पर रहेंगे, तो दूसरे क्षेत्र के सदस्यों को अवसर कब मिलेगा। हरख मालू ने शाम को फोन पर चर्चा में बताया कि मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई गई है।

### मुद्दे को लेकर चुनाव टालने की कोशिश

दूसरी तरफ इस मुद्दे को लेकर जय व्यापार पैनल के जितेन्द्र दोशी और विक्रम सिंहदेव ने बताया कि चैंबर के प्रमुख पदों अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष रायपुर से ही होंगे। यह प्रावधान चैंबर की स्थापना के समय से ही लागू है। वर्ष 2011 में श्रीचंद सुंदरानी के अध्यक्षीय कार्यकाल में संविधान संशोधन हुआ था। उसमें प्रावधान यथावत रखा गया। इस मामले को पहले हुई बैठकों में नहीं उठाया गया। संविधान के अनुसार चैंबर चुनाव की जब अधिसूचना जारी हो गई, तब यह मुद्दा उठाना अप्रासंगिक है। संबंधित विषय पर चुनाव में जीतने वाली नई कार्यकारिणी ही निर्णय ले सकती है। श्री सिंहदेव ने कहा कि वस्तु स्थिति यह कि एकता पैनल के पास प्रत्याशियों का अभाव है, इसलिए ऐसे मुद्दों से चुनाव को टालने का प्रयास कर रहे हैं।


**HEALTH TOWN**

**अहलूवालिया हॉस्पिटल**
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

**ओम डेन्टल हॉस्पिटल (अब नई जगह)**
- दर्द रहित रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT)
- टेढ़े मेढ़े दांतो का इलाज (INVISALIGN) Clear Aligners द्वारा
- डेंटल इम्पलांट (Dental Implants)
- Smile Designing
- दांतो की Bleaching
- मसूड़ों की बीमारी
- अक्ल दाढ़ निकालना

117, मेन रोड समता कालोनी, पंजाब नेशनल बैंक के सामने, रायपुर 0771-4064222, 8305948040

**जीवन ज्योति होम्योपैथी क्लीनिक**
रोग निदान — 17 वर्षों से आपके सेवा में
- महिला संबंधी रोग : अनियमित मासिक धर्म, पी.सी.ओ.डी.
- अस्थि रोग : अर्थाइटिस, सायटिका फ्रोजन सोल्डर, स्पॉडिलाइटिस
- पुरूष संबंधित रोग : कमजोरी, हाइड्रोसील, नाक, कान, गला व श्वास संबंधित रोग
- चर्म रोग : एक्जीमा, सोरिएसिस, सफेद दाग, शरीर में गठान, मस्से, झाइ
- पाचन संबंधी रोग : एसीडिटी, अल्सर, बवासीर, कब्ज
- किडनी एवं हृदय रोग : पथरी, यूरीन इंफेक्शन, बीपी
- शिशु रोग : सर्दी, खांसी, बुखार
- स्नायू (वर्ध) रोग : मिर्गी, माइग्रेन, पैरालाईसीस
- केश रोग : बालो का झड़ना, रूसी, एलोपेसिया,

सुगर, थाईराइड, मोटापा, मानसिक रोग, तनाव, चिड़चिड़ापन, डिप्रेशन, नींद की बिमारी

डॉ. रंजीता जायसवाल
BHMS. (BHOPAL)
Ex. RMO Maharana Pratap Homoeopathic College & Hospital Raipur (C.G)
अपॉइंटमेंट हेतु कॉल करें 84351-99964

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सोलर पैनल से घरों में होने लगी रोशनी, बिजली बिल की भी बचत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोलर पैनल लगाने से हर महीने बिजली बिल में बचत होते देख अब छत्तीसगढ़ में भी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों में भी सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार राज्य में अभी तक करीब ढाई लाख लोग प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के पोर्टल में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी करा चुके हैं, जिनमें से लगभग 40 हजार लोगों ने घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए आवेदन भी किए हैं। इनमें से एक हजार से अधिक लोगों के घरों में सोलर पैनल लग भी गए हैं। इससे उनके घरों में बिजली का उत्पादन भी होने लगा है, जिससे बिजली बिल में हर महीने अच्छी बचत भी होनी लगी है। यही कारण है कि सोलर पैनल को लेकर लोगों की सोच भी सकारात्मक हुई है, जिससे पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

हरिभूमि सरोकार

- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगाने किए जा रहे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन


फाइल फोटो

### सब्सिडी के साथ बैंक लोन

इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने पर सब्सिडी के रूप में छूट भी दी जा रही है। उपभोक्ता को बैंक से दो लाख रुपए का लोन और 78 हजार रुपए की सब्सिडी भी मिल रही। सोलर पैनल की लाइफ 25 वर्ष की है। इस तरह उपभोक्ता को सोलर पैनल लगाने से 4 लाख 21 हजार 200 रुपए की बचत होगी।

### 3 किलोवाट के सोलर पैनल से 360 यूनिट बिजली तैयार

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगाकर उपभोक्ता हर महीने घर में ही 360 यूनिट बिजली तैयार कर रहे हैं, जिससे बिजली बिल में 20 हजार रुपए तक की बचत हो रही है। इस योजना का लाभ लेने के लिए रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों से आवेदन किए जा रहे हैं। इनमें नक्सल प्रभावित मोहला-मानपुर, सुकमा, नारायणपुर जैसे जिले भी शामिल हैं।

### दो साल में करीब डेढ़ लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य

सूत्रों के अनुसार इस योजना के तहत प्रदेश में दो वर्ष में करीब डेढ़ लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी जिलों में बिजली अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके तहत लोगों को सोलर पैनल के फायदों के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है।

### जिलेवार रजिस्ट्रेशन की संख्या

रायपुर - 19886
कबीरधाम - 7964
जशपुर - 7442
कांकेर - 7868
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई - 4652
कोंडागांव 4987,
सक्ति - 2512
सारंगगढ़- बिलाईगढ़ - 3961
सुकमा - 721
सूरजपुर - 5699,
सरगुजा - 6903
कोरबा - 9112
कोरिया - 2314
महासमुंद -19698
मनेंद्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर 2961
मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी -3028
मुंगेली - 5329
नारायणपुर - 226
रायगढ़ - 8952
राजनांदगांव - 11093
दंतेवाड़ा - 292
धमतरी - 13165
दुर्ग - 17132
गरियाबंद - 4952
गौरेला-पेंड्रा मरवाही - 2917
जांजगीर चांपा - 6273

## खबर संक्षेप



### सुंदरनगर वृद्धाश्रम में मनाया महाशिवरात्रि पर्व

**रायपुर।** नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन ने सुंदरनगर स्थित प्रशामक देखरेख गृह वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों के साथ महाशिवरात्रि महापर्व मनाया। इस मौके पर संस्थान के राजेंद्र ओझा ने बताया कि वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी वृद्धजनों के लिए मच्छरदानी प्रदान की गई। 'आश्रय लायंस वृद्धाश्रम' से आए प्रतिनिधि निरंजन एवं रामकृष्ण शर्मा को बेडशीट एवं पिलो कवर प्रदान किए। इसी दौरान हृषीक ओझा ने विवाह की वर्षगांठ पर फल भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में घनश्याम सराठे, कमलेश शर्मा, आईएसबीवी. श्रीनिवास राव, राजेंद्र जैन, संभव जैन, डॉ. मृणालिका ओझा, मुकेश शाह, रोशन बहादुर, भीम, नितिन जैन आदि उपस्थित थे।

### शहीद और मृत पुलिसकर्मियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति



**रायपुर।** नक्सल हमले में शहीद तथा बीमारी की वजह से मृत होने वाले चार पुलिसकर्मियों के परिजनों को एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति का प्रमाणपत्र सौंपा है। नियुक्ति पाने वालों में बीजापुर नक्सली हमले में शहीद भरतलाल साहू की पत्नी नंदेश्वरी साहू को एएसआई, रायपुर में पदस्थ एएसआई कैलाशनाथ शांडिल्य की बीमारी से मौत होने पर उनकी बेटी नेहा शांडिल्य को आरक्षक, एमटी पूल में प्रधान आरक्षक (चालक) अजय कुमार सोनी की बीमारी से मौत होने पर उनके बेटे मयंक को आरक्षक तथा आरक्षक मुकेश भंडारी की बीमारी से मौत होने पर उनकी पत्नी गंगोत्री को आरक्षक के पद पर नियुक्तिपत्र दिया गया है।

### बोरवेल खनन के लिए रीटेंडर

**रायपुर।** नगर निगम के जल विभाग द्वारा गर्मी के सीजन में जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में 50 स्थानों पर बोरवेल खनन मांग के आधार पर कराया जायेगा। इसके लिए एजेंसी तय करने टेंडर किया गया। जिसमें सिंगल टेंडर आने से रीटेंडर किया जा रहा है।

## जनसुनवाई के बाद तय होगा नया टैरिफ

# इस साल भी लगेगा महंगी बिजली का झटका पॉवर कंपनी की 45 सौ करोड़ घाटे की याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को लगातार दूसरे साल भी महंगी बिजली का झटका लगने की पूरी संभावना है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग में नए सत्र के लिए जो याचिका लगाई है, उसमें 45 सौ करोड़ का घाटा बताते हुए इस घाटे को पूरा करने वाला नया टैरिफ लागू करने की मांग की है। अब आयोग पॉवर कंपनी का लेखा-जोखा देखने के बाद तय करेगा कि वास्तव में उनका कितना घाटा है। उसके हिसाब से ही नया टैरिफ तय होगा। नए टैरिफ से पहले जनसुनवाई भी होगी, लेकिन अभी जनसुनवाई की तारीख तय नहीं हुई है, क्योंकि इस समय आयोग में दो सदस्यों के पद खाली हैं। ऐसे में आयोग विधिक सलाह के बाद ही जनसुनवाई पर फैसला करेगा।

खास खबर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें 45 सौ करोड़ की कमी बताते हुए इसकी भरपाई की मांग रखी है। वैसे तो पॉवर कंपनी को नए सत्र में लगभग 15 सौ करोड़ का फायदा होने का अनुमान है, लेकिन पुराने 2023-24 के सत्र का 6130 करोड़ रुपए का अंतर है। इसमें 15 सौ करोड़ घटाने के बाद भी 45 सौ करोड़ की कमी आ रही है। इसको पूरा करने के लिए टैरिफ में इजाफा होगा। लेकिन यह इजाफा कितना होगा, इसको नियामक आयोग तय करेगा। पॉवर कंपनी ने 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बताया गया है कि पॉवर कंपनी इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में पॉवर कंपनी का खर्च 23 हजार 82 करोड़ होगा। ऐसे में पॉवर कंपनी को 1570 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन 2023-24 में पॉवर कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ रुपए कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1570 करोड़ को घटाने के बाद 4560 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है। इस अंतर की राशि के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग है। लेकिन आयोग तय करेगा कि वास्तव में पॉवर कंपनी को कितने पैसों की जरूरत होगी। उसके हिसाब से टैरिफ तय होगा।





- अभी जनसुनवाई की तारीख तय नहीं
- नए सत्र में लगभग 15 सौ करोड़ का फायदा होने का अनुमान
- इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी पॉवर कंपनी

### आयोग में दो पद खाली

इस समय बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष के साथ रहने वाले दो सदस्यों पद खाली हैं। बिना कोरम के किसी भी तरह की सुनवाई नहीं हो सकती। एक सदस्य का कार्यकाल सितंबर 2023 में पूरा हो गया था। एक और सदस्य का कार्यकाल बीते साल जुलाई में पूरा हुआ है। अब तक दोनों पदों पर नई नियुक्ति नहीं हो सकी है। नई नियुक्ति के बाद ही टैरिफ पर जनसुनवाई और नए टैरिफ का फैसला हो पाएगा। प्रदेश के बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष हेमंत वर्मा के साथ पहले लीगल सदस्य के रूप में विनोद देशमुख और तकनीकी सदस्य के रूप में सीके गुप्ता काम कर रहे थे। इनका कार्यकाल अब समाप्त हो गया है।

# दोपहर का तापमान रात से दोगुना ठंड और गर्मी दोनों का अहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण लोगों को अजीबो-गरीब मौसम का सामना करना पड़ रहा है। शहर का अधिकतम तापमान न्यूनतम तापमान से लगभग दोगुना है। इसके कारण लोगों को एक ही दिन में ठंड और गर्मी दोनों का अहसास हो रहा है। गुरुवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.3 डिग्री अधिक अर्थात 18.8 डिग्री रहा। माना में न्यूनतम तापमान 15.7 डिग्री दर्ज किया गया है। रात्रि में तापमान 16 डिग्री तक होने और दिन में तापमान 35 डिग्री होने के कारण लोगों को जहां रात में चादर का सहारा लेना पड़ रहा है तो वहीं दिन में पंखे चलाने पड़ रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, छग में अगले दो दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। वृद्धि पश्चात रात्रि और सुबह महसूस होने वाली ठंड का अहसास खत्म होगा।

- देर रात शहर का तापमान 18 डिग्री, माना में पहुंचा 15 डिग्री तक

### रायपुर सर्वाधिक गर्म

गुरुवार को दर्ज किए गए तापमान के अनुसार, राजधानी रायपुर 35 डिग्री के साथ सर्वाधिक गर्म रहा है। सबसे ठंडा अंबिकापुर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री दर्ज हुआ। राजनांदगांव 34.5 डिग्री, दुर्ग 34.9 डिग्री, जगदलपुर 33.7 डिग्री और बिलासपुर 33.7 डिग्री के साथ दोपहर में गर्म रहा। प्रदेश में बदली-बारिश की संभावना फिलहाल नहीं है। राजधानी रायपुर सहित अधिकतर जिलों में आकाश साफ ही रहेगा।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

### भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण का स्थापना दिवस 4 मार्च को

**रायपुर।** भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) द्वारा 4 मार्च को देशभर में अपने सभी कार्यालयों में भव्य रूप से 174वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ जीएसआई रायपुर द्वारा तीन दिवसीय 2 से 4 मार्च तक स्मारक कार्यक्रम रखा गया है। यह कार्यक्रम जीएसआई की उल्लेखनीय यात्रा और हमारे राष्ट्र के लिए उसके अमूल्य योगदान को याद करने के लिए होगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान 2 मार्च को सुबह 7 से 10 बजे तक वॉकथॉन, जिसका विषय सुरक्षित दुनिया के लिए भू-विज्ञान होगा। इसी दौरान 4 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक एक दिवसीय प्रदर्शनी सहित स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जीएसआई ने भारत और उसके पड़ोसी क्षेत्रों, जैसे पाकिस्तान, बांग्लादेश और म्यांमार के भूवैज्ञानिक ढांचे को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बिजनेस साइट

### बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक संजय विनायक मुदालियर का छत्तीसगढ़ दौरा



**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक संजय विनायक मुदालियर ने 24-25 फरवरी को रायपुर अंचल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बैंक के व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की। 24 फरवरी को बैंक ऑफ बड़ौदा के अंचल कार्यालय रायपुर में श्री मुदालियर ने अंचल के सभी क्षेत्रीय प्रमुखों और स्टाफ सदस्यों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने बैंक के व्यवसाय वृद्धि के लिए सभी कर्मचारियों से पूरी ऊर्जा और ग्राहक सेवा को प्राथमिकता देने का आव्हान किया। 25 को श्री मुदालियर ने दुर्ग क्षेत्र के धमधा में एक नई शाखा का उद्घाटन किया। साथ ही कार्यपालक निदेशक ने अंचल प्रमुख दिवाकर पी. सिंह के साथ छत्तीसगढ़ सरकार के उच्चाधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने राज्य की जनता और राज्य के आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए बैंक की ओर से हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन लिया। राज्य सरकार के पदाधिकारियों ने बैंक के प्रयासों की सराहना की।

### कोलंबिया में उस्ताद शाहिद परवेज की संगीतमय प्रस्तुति




**रायपुर।** स्पिक मैके के एसआरएफ क्लासिकल सीरीज के अंतर्गत स्पिक मैके की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा कोलंबिया शिक्षण संस्थान में विश्वप्रसिद्ध सितारवादक पद्मश्री उस्ताद शाहिद परवेज की सितार वादन की संगीतमय प्रस्तुति हुई। इस कार्यक्रम में उस्ताद शाहिद परवेज ने राग भीम पलासी पर अपनी प्रस्तुति दी और विद्यार्थियों को भारतीय संगीत के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में बताया। उन्होंने संगीत में सुर, राग और ताल के योगदान को स्पष्ट किया एवं बताया कि भारतीय संगीत ने विश्वभर में अपनी पहचान बनाई है। कार्यक्रम में स्पिक मैके छत्तीसगढ़ इकाई के समन्वयक डॉ. अजय श्रीवास्तव, मंजूषा झा, सौम्या रघुवीर और कोलंबिया संस्थान के विभिन्न संकायों के प्राचार्य और शिक्षक तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में संस्थान के पदाधिकारियों ने उस्ताद शाहिद परवेज और हफीज अहमद अल्वी को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर दर्शाते हुए स्मृति चिन्ह भेंट दिया।









हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 28 फरवरी 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

04



कलीदार सूट में पाना चाहती हैं ...

## लाइव इवेंट

### रक्तदान का कोई विकल्प नहीं, जीवन बचाने इसका दान करना जरूरी



**रायपुर।** शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर में रक्तदान की महत्ता और एड्स जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेश शिवहरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। विषय विशेषज्ञ डॉ. शब्बीर खान और उनकी टीम ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला और एड्स से संबंधित जागरूकता फैलाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रक्तदान का कोई विकल्प नहीं होता और यह जीवन को बचाने में अहम भूमिका निभाता है। डॉ. लता मिश्रा, जो स्वयं 15 बार रक्तदान कर चुकी हैं, ने भी रक्तदान के फायदे और समाज में इसके महत्व पर जोर दिया।

रक्तदान स्वस्थ्य शरीर के लिए भी जरूरी है। लोगों के बीच यह भांतियां बनी हुई है कि रक्तदान से शरीर कमजोर होता है। यह बिल्कुल गलत है। एक बार रक्तदान करने के बाद शरीर में नया रक्त शरीर को स्वस्थ बनाता है। कार्यशाला में विभिन्न शोध कार्यों को उदाहरण देते हुए रक्तदान के लिए जागरुक किया।

#### बचाव के उपायों पर चर्चा

कार्यशाला में बताया गया कि कौन-कौन व्यक्ति रक्तदान कर सकता है और इससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही एड्स के तीन स्टेज और इससे बचाव के उपायों पर चर्चा की गई। विषय विशेषज्ञ ने बताया कि एड्स की जानकारी होने से इस बीमारी को पहले स्टेज में 90 प्रतिशत तक ठीक किया जा सकता है और इससे बचाव संभव है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अकादमिक सदस्य भावना चौहान, कल्पना देशमुख, योगेश्वरी महादिक, डॉ. सीमा अग्रवाल सहित सभी बीएड और एम.एड के छात्र अध्यापक उपस्थित रहे।

● नया रायपुर में कोलकाता की तर्ज पर बनाया जा रहा डायनामोशन हाल

# साइंस सिटी से देख सकेंगे ग्रह, चंद्रमा और तारे की स्थिति, सीखने मिलेगा गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत

*विज्ञान की दुनिया को करीब से जानने और समझने के लिए नवा रायपुर में साइंस सिटी बनाई जा रही है, जो न केवल ब्रह्मांड और अंतरिक्ष की दुनिया को देखने का अद्भुत अनुभव का एहसास कराएगी, बल्कि विज्ञान के क्षेत्र में शोध कार्य करने वालों के लिए भी एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी। इस साइंस सिटी में आने वाले लोग ग्रहों, चंद्रमा और तारे जैसी खगोलीय घटनाओं को अपनी आंखों से देख सकेंगे। हरिभूमि से बातचीत में अधिकारियों ने बताया कि कोलकाता की तर्ज पर यहां एक डायनामोशन हॉल का निर्माण किया जाएगा, जहां विज्ञान प्रेमी गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत को समझ सकेंगे। इस हॉल में थ्रीडी तकनीक के माध्यम से ग्रहों, चंद्रमा और तारों को बिल्कुल वास्तविक रूप में देखा जा सकेगा।*





#### साइंस सेंटर में नई एआई गैलरी

राज्य और केंद्र सरकार के सहयोग से तीन बड़े विज्ञान आधारित सेंटर्स का निर्माण होने जा रहा है। इनमें से एक है रायपुर स्थित साइंस सेंटर, जहां एक नई एआई, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस गैलरी बनाई जा रही है। इस गैलरी का निर्माण कार्य अगले 1-2 महीने में पूर्ण हो जाएगा। नई एआई गैलरी में साइबर क्राइम से संबंधित सावधानियों और उससे बचने के उपायों को एआई की मदद से प्रदर्शित किया जाएगा।

#### आज साइंस सेंटर में कार्यशाला

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर साइंस सेंटर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को छत्तीसगढ़ और ओडिशा हजारों विद्यार्थी ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम से इस कार्यशाला से जुड़ेंगे। कार्यशाला में शहर के नवोदय और शासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की भी उपस्थिति रहेगी। मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध वैज्ञानिक केजी कुमार शामिल होंगे। कार्यक्रम सड्डू स्थित साइंस सेंटर में सुबह 11.30 बजे से शुरू होगा।

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने साइंस सिटी निर्माण को लेकर एक घोषणा की थी, जिसमें उन्होंने छत्तीसगढ़ को इस परियोजना का प्रतिनिधित्व करने की बात कही। साइंस सिटी में प्रदेश की खूबसूरती को थ्रीडी में दर्शाने की योजना भी बनाई जा रही है। साइंस सिटी के निर्माण के लिए राज्य सरकार निरंतर नई योजनाओं की घोषणा कर रही है, ताकि यह देश की चौथी साइंस सिटी के रूप में एक अनूठा स्थल बन सके। इस सेंटर के निर्माण के लिए 20 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है और इसे राज्य तथा केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत बनाया जाएगा।

## ई-बॉल तकनीक देश-विदेश में भी जलस्रोतों की सफाई में कर रही मदद

### युवा वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत शर्मा ने दिलाई देशभर में पहचान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वैज्ञानिकों ने अपने नवाचार और तकनीक से पर्यावरण तथा जल संरक्षण के क्षेत्र में बड़ी समस्याओं का हल ढूंढ निकाला है, जिसे न केवल देश में, बल्कि विदेशों में भी सराहा जा रहा है। युवा वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत शर्मा ने गंदे पानी को स्वच्छ बनाने के लिए एक नई तकनीक विकसित की है, जिससे जलस्रोतों की गुणवत्ता को बेहतर किया जा सकता है।

इसके अलावा पर्यावरण के क्षेत्र में भी कचरे से होम कम्पोस्टिंग की एक नई तकनीक भी पेश की है, जिसे अब महानगरों में भी अपनाया जा रहा है। हरिभूमि से बातचीत में डॉ. प्रशांत ने बताया कि छत्तीसगढ़ अब विज्ञान के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और रिसर्च कार्य ऐसे मुद्दों पर केंद्रित है, जिनसे सीधे लोगों को लाभ मिल सके। नालियों, तालाबों और नदियों का जल सीधे तौर पर लोगों से जुड़ा हुआ है और जिस तरह से पर्यावरण दूषित हो रहा है, ऐसे में इन जलस्रोतों को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है। 15 साल पहले डॉ. प्रशांत ने ई-बॉल तकनीक बनाना शुरू किया, जो कैल्शियम कार्बोनेट से बने बैक्टीरिया और फंगस का एक कांसोर्टिया है। यह तकनीक पानी को साफ करने में बेहद कारगर साबित हुई है।

#### ई-बॉल से 550 तालाबों का पानी हुआ साफ

डॉ. प्रशांत शर्मा की ई-बॉल तकनीक से अब तक 550 तालाबों का पानी साफ किया जा चुका है और 300 से अधिक जगहों पर काम जारी है। पिछले दो वर्षों में 10 राज्यों में पानी को साफ करने के लिए 6 लाख से अधिक ई-बॉल भेजी जा चुके हैं। वर्तमान में 30 हजार से अधिक ई-बॉल तैयार कर विभिन्न राज्यों में भेजी जा रही हैं। इस तकनीक का असर अब बिहार में भी देखा गया है, जहां छठ पूजा के समय घाटों, गंगा घाट समेत विभिन्न नदियों से गंदे पानी, कचरे और जलकुंभी को पूरी तरह खत्म किया गया है। इसके प्रभाव को देखकर अब नेपाल और फ्रांस जैसे देशों से भी ई-बॉल की मांग आई है। इन देशों की नदियों और नालियों को साफ करने के लिए 2,000 से अधिक ई-बॉल भेजी जा चुकी है।

#### घर का कचरा नष्ट करने बनाई तकनीक

घर के कचरे को नष्ट करने के लिए एक प्रभावी तकनीक विकसित की है, जिसे बली वैश्य नाम दिया गया है। वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत शर्मा ने इस तकनीक के तहत किचन से निकलने वाले कचरे को जैविक खाद में बदलने में उपयोगी बताया है। लैब में तैयार बैक्टीरिया और पोटेशियम रासायनिक पदार्थों को लकड़ी के बुरादे में मिलाया। यह मिश्रण कार्बन पैदा करता है, जो कचरे को गलाने में सहायक होता है। मात्र 21 दिनों के अंदर यह कचरा पूरी तरह से गलकर जैविक खाद में बदल जाता है। रिसर्च में यह भी पाया गया कि इस खाद में नाइट्रोजन और कैल्शियम की मात्रा अधिक होती है, जो किचन गार्डनिंग में उपयोग करने से पौधों की वृद्धि में मदद करती है।

## सिटी इवेंट

### एग्जाम को तीनों खण्डों में एक एक घंटे विभाजित कर लिखें



**रायपुर।** दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा के लिए प्रदेशभर में 2500 के ज्यादा परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षा की तैयारी अंतिम चरण में है। परीक्षा के एक दिन पूर्व विषय विशेषज्ञ अभ्यर्थियों की समस्या दूर करने का प्रयास करेंगे। इस वर्ष 10वीं, 12वीं कक्षा से 4 लाख से अधिक विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में बैठेंगे, बारहवीं की बोर्ड परीक्षा 1 मार्च और 10वीं की परीक्षा 3 मार्च से शुरू होगी। अब परीक्षा की तैयारी में केवल एक दिन का समय बचा है, जिससे विद्यार्थियों में तनाव का स्तर भी बढ़ता जा रहा है।

हाईस्कूल और सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों का पहला पेपर हिंदी विषय पर है, जिसके बाद दूसरा परीक्षा अंग्रेजी विषय रखा गया है। दोनों ही विषयों को स्कोरिंग नंबर माना गया है, अच्छी तैयारी से विद्यार्थी अपने प्रतिशत बढ़ा सकते हैं। परीक्षा से पहले हिंदी और अंग्रेजी विषय में तैयारी के टिप्स निम्न बिंदुओं के आधार पर तय किया गया।

#### अपठित गद्यांश और पद्यांश को समझकर उत्तर लिखें

हिंदी विषय को सीजी बोर्ड के विद्यार्थी सरल मानकर अच्छी तैयारी नहीं करते, लेकिन हिंदी विषय आपके बेहतर परिणाम हासिल करने में काफी मददगार है। विद्यार्थी पढ़ाई के दौरान आंकिक प्रश्न और तीन खण्ड में पूछे जाने वाले प्रश्नों को समझकर उत्तरपुस्तिका में लेखन कार्य शुरू करे।

- कम समय में तैयारी ब्लूप्रिंट के अनुसार करें।
- उत्तरपुस्तिका में साफ हैंडराइटिंग और सही प्रश्न क्रमांक का ध्यान दें।
- एनसीईआरटी की किताब को प्राथमिकता दें।
- 2-3 बार स्व-मूल्यांकन करें।
- अपठित गद्यांश और पद्यांश को समझकर उत्तर लिखें।
- समय प्रबंधन के लिए एक-एक खण्ड के प्रश्न का उत्तर पूरा करें।

#### कमजोर विद्यार्थी ग्रामर की अच्छी तैयारी करें

10वीं 12वीं सीजी बोर्ड परीक्षा में अंग्रेजी विषय में कई विद्यार्थियों का हाथ तंग रहता है, इस स्थिति में अच्छे अंक हासिल करना एक चुनौती है। इस स्थिति में अभ्यर्थी ग्रामर, निबंध, सीन-अनसीन पैसेज, आंकिक प्रश्नों की बेहतर तैयारी करके जाएं। साथ ही लिखने के दौरान हैंडराइटिंग और स्पेलिंग का ध्यान रखें।

- किताब के हाइलाइट बॉक्स को पढ़ें।
- ग्रामर को समझने के लिए लिखकर याद करें।
- निबंध को पैराग्रॉफ में लिखें और जरूरी बातों को पेन से हाइलाइट करें।
- जिन प्रश्नों में आप ज्यादा कांफिडेंट महसूस करते हैं, उनसे शुरू करें।
- बेसिक ग्रामर, आर्टिकल, डिटरमिनर, टेंस, वाइस सेंटेंस, निगेटिव सेंटेंस मेकिंग पैसेज, एप्लिकेशन पर ध्यान दें।

## सौर ऊर्जा के उपयोग से 56 प्रतिशत बचा सकते हैं बिजली, गांव में बढ़ रहा उपयोग




**रायपुर।** प्रगति कॉलेज में सौर ऊर्जा और ऊर्जा संरक्षण पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में सौर ऊर्जा के महत्व को समझाना और ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रमुख वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह राणा ने बताया कि राज्य और केंद्र सरकारें सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही हैं, जैसे कि सौर पंपों की स्थापना, कम बिजली बिल और रोजगार सृजन। इसके अलावा, सौर और बायोगैस संयंत्रों की स्थापना के लिए सरकारी अनुदान उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया को सरल रूप में समझाया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को सौर ऊर्जा के लाभों के बारे में जानकारी दी गई और ऊर्जा संरक्षण के उपायों पर चर्चा की गई।

#### सौर और वैकल्पिक ऊर्जा मनोरंजक खेल

क्रेडा के प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर निहार रंजन साहू ने उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार सौर ऊर्जा के उपयोग से 50 से 56 प्रतिशत तक बिजली की बचत की जा सकती है। कार्यक्रम में मनोरंजक प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें सौर और वैकल्पिक ऊर्जा पर आधारित विभिन्न खेल और गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में पांच समूहों- सोलारिज, ग्रीन आर्मी, ज्योति, सोलार ट्रूप और टाईडल टर्बाइन्स ने भाग लिया। इन समूहों का गठन कार्यशाला के विषय को व्यावहारिक रूप में लागू करने के लिए किया गया था, जिससे यह विषय छात्रों द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समझा और कार्यान्वित किया जा सके।

## अमृतधारा एक नदी उत्सव की टीम ने खारुन में साफ की गंदगी



**रायपुर।** भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय के तत्वावधान में दुर्गा महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने अमृतधारा-एक नदी उत्सव का आयोजन किया। इस उत्सव के तहत खारुन नदी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने महादेवघाट पर पचरी और नदी के किनारे की सफाई की। कार्यक्रम की प्रमुख आयोजनकर्ता और राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी सुनीता चंसोरिया ने बताया कि नदियों का जल ही मनुष्य और धरती की प्यास बुझाता है, लेकिन हम उन्हें बदले में प्लास्टिक कचरा, पूजन सामग्री और गंदगी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हम नदियों के महत्व को समझेंगे, तभी हम उन्हें स्वच्छ और संरक्षित रखना शुरू करेंगे। नदियां पर्यावरण संरक्षण में एक अहम भूमिका निभाती हैं। इस अभियान का उद्देश्य नदियों को स्वच्छ बनाए रखना और उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था।

डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

## छत्तीसगढ़ी परंपरा की प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध, सिर पर मटका रखकर दिखाई नृत्यकला की कुशलता

कार्नर न्यूज

*रायपुर। डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में छात्रों ने शानदार प्रस्तुति देकर सभी का दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम में हिंदी के नए और पुराने गानों के साथ छत्तीसगढ़ी लोकगीतों पर भी नृत्य प्रस्तुत किया गया। छात्रों की कला और संस्कृति का संगम देखने को मिला, खासकर राधा-कृष्ण और छत्तीसगढ़ी परंपरा पर आधारित नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित करना था। इस अवसर पर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार दिए गए, जिन्होंने न केवल अपनी कला-कौशल से सभी को प्रभावित किया, बल्कि महाविद्यालय के यादगार पलों को भी एक विशेष रूप से प्रस्तुत किया।*



#### यह रहे उपस्थित



राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मनीषा शर्मा व आईक्यूएसी प्रभारी और भौतिक शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. दीप्ति झा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, ग्रंथपाल, क्रीड़ाधिकारी, कार्यालयीन अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बड़ी संख्या में छात्राएं भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीप्ति झा, डॉ. निधि गुप्ता, डॉ. निशा बारले, डॉ. श्वेता अग्निवंशी और रेबेका बेन द्वारा किया गया।

#### विकसित भारत के निर्माण में छात्राओं की भूमिका अहम

विधायक सुनील सोनी ने महाविद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में कहा कि छात्रों और छात्राओं को अपने जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उस लक्ष्य की ओर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब मेहनत सच्ची हो तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। साथ ही उन्होंने शहर के विकास में सभी को सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। समिति के अध्यक्ष बृजेशनाथ पांडेय ने महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने की बात कही, प्राचार्य डॉ. प्रीति मिश्रा ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में उन छात्राओं को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए, जिन्होंने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा, खेल, सांस्कृतिक, साहित्यिक, राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेडक्रॉस, राष्ट्रीय कैडेट कोर और रेड रिबन क्लब में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

## सिटी लाइव

# युवा पीढ़ी मोबाइल के दुरुपयोग से प्रभावित, आत्मचिंतन जरूरी



**रायपुर।** नेहरू युवा केंद्र संगठन , युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बस्तर, छत्तीसगढ़ के युवाओं का प्रतिनिधिमंडल इस कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे हैं। कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा, युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम युवा शक्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह युवाओं को शिक्षित और जागरूक करने के लिए अत्यंत उपयोगी है। वर्तमान समय में युवा पीढ़ी मोबाइल के दुरुपयोग से प्रभावित हो रही है और सही दिशा से भटक रही है। ऐसी परिस्थिति में युवाओं को आत्मचिंतन कर सही राह चुननी चाहिए और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

### निरंतर प्रयासशील रहना होगा

कार्यक्रम में नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे भी उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि नेहरू युवा केंद्र निरंतर युवा उत्थान के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है, जो अत्यंत सराहनीय है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति अत्यंत समृद्ध एवं संपन्न है, जिसे युवा पीढ़ी को समझने और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए उन्हें पूरी तत्परता, सजगता एवं निरंतर प्रयासशील रहना होगा। कार्यक्रम में महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को साकार करते हुए भारत एवं छत्तीसगढ़ की एकता और अखंडता को प्रोत्साहित करेंगे।

## सिटी इवेंट

# स्कूल से सीनियर की विदाई सम्मानित हुए 12वीं के छात्र-छात्राएं



**रायपुर।** श्री गुजराती उच्चतर माध्यमिक शाला देवेंद्र नगर के ज्ञानोदय भवन में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विभिन्न सम्मानों से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री गुजराती शिक्षण संघ रायपुर के कोषाध्यक्ष जयंत भाई टांक ने पुरस्कार वितरित किया। उपाध्यक्ष अशोक भाई पटेल ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों को एक अनिवार्य हिस्सा मानते हुए उन्हें ठोस मानसिकता और बहादुरी के साथ सामना करें।

### जीवन प्रबंधन पर दिया जोर

समारोह में प्राचार्य अनीस मेमन ने विद्यार्थियों को विपरीत परिस्थितियों का सामना साहस से करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जब जीवन में मुश्किलें आएं तो परेशान होने के बजाय उन्हें साहस से संभालना चाहिए। इस अवसर पर जूनियर और सीनियर विद्यार्थियों ने परीक्षा के तनाव से मुक्त होकर कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य अनीस मेमन के साथ-साथ हिंदी माध्यम के प्राचार्य डॉ. शैलेष शर्मा, अंग्रेजी माध्यम के प्राचार्य, प्राथमिक विभाग योगिता टांक, उपप्राचार्य प्रवीण गनोदवाले, कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता वंदना संघवी, वरिष्ठ शिक्षक कमलेश रूपारेलिया, नरेंद्र ताड़गे, रजिस्ट्रार अशोक जाचक, प्रशासक नरेश रजक सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## समाज इवेंट

# श्री शिव संकट मोचन मंदिर में शिवलिंग और हनुमान प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा



**रायपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री शिव संकटमोचन मंदिर जोरा में विधि-विधान से शिवलिंग की स्थापना की गई। साथ ही हनुमानजी की मूर्ति की भी प्राण-प्रतिष्ठा के साथ स्थापना की गई। धार्मिक आयोजन का उद्देश्य भगवान शिव और संकटमोचन हनुमान की संयुक्त पूजा को केंद्रित करना था, जिसके कारण मंदिर का नाम श्री शिव संकटमोचन मंदिर रखा गया। श्री साईं दर्शन आवास समिति, अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि यह मंदिर भगवान शिव और हनुमानजी की संयुक्त पूजा का प्रतीक है।

### भक्तिमय बन गया वातावरण

इस शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में आकर पूजा-अर्चना की और भगवान शिव तथा हनुमानजी के आशीर्वाद से धन्य हुए। समारोह में उपस्थित पूर्व मंत्री एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी आरती में सम्मिलित होकर भगवान शिव और हनुमानजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस भव्य धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बन गया और श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह से भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया।

## एनआईटी के दीक्षांत समारोह में आज 1319 विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री, ऑडिटोरियम में रिहर्सल

# सफलता पाने के लिए मेहनत करना जरूरी शार्टकट से रास्ते मिल जाते हैं, मंजिल नहीं

*राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं में बीटेक के लिए 13 और एमटेक के लिए 14 टॉपर्स के गले में शुक्रवार को गोल्ड मेडल चमकने वाला है। इसके लिए पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सभी डिग्री पाने वालों को 15वें दीक्षांत से पहले रिहर्सल के लिए बुलाया गया। इस दौरान मेडल पाने वाले युवाओं ने चर्चा में कहा कि सफल होने के लिए मेहनत जरूरी है। शार्टकट से रास्ते मिल सकते हैं, लेकिन मंजिल नहीं मिलती।*



रायपुर। एनआईटी के 15वें दीक्षांत समारोह को लेकर आयोजित पत्रकारवार्ता में संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुरेश हावरे और निदेशक डॉ. एनवी रमना राव ने बताया कि समारोह को खास बनाने की तैयारी है। शुक्रवार को सुबह 10 बजे से ऑडिटोरियम में आयोजन शुरू होगा। बतौर मुख्य अतिथि संजय किर्लोस्कर मौजूद रहेंगे, जो अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक हैं। वहीं विशेष अतिथि डॉ. एस. सोमनाथ, विक्रम साराभाई विशिष्ट प्राध्यापक (इसरो) पूर्व अध्यक्ष इसरो एवं अंतरिक्ष आयोग भारत सरकार होंगे। इस गरिमामयी समारोह में उन्हें पहली बार डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। यह एनआईटी के लिए खास पल होगा।

### 27 टॉपर्स को मिलेगा गोल्ड मेडल

आगे बताया कि एनआईटी रायपुर द्वारा अपने 1319 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। इसमें 35 को पीएचडी की डिग्री भी दी जाएगी। साथ ही बी-आर्क और बी-टेक के 13 टॉपर्स को स्वर्ण पदक तथा 12 को रजत पदक दिया जाएगा। साथ ही एमसीए, एमएससी, एम-टेक के 14 टापर्स को स्वर्ण और 14 छात्र-छात्राओं को रजत पदक भी प्रदान किया जाएगा। ओवरऑल टॉपर श्रेयांश गौर को पदक दिया जाएगा। दीक्षांत के दौरान गतिविधियों का ब्योरा देंगे।




### ऑडिटोरियम में किया रिहर्सल

दीक्षांत में छात्र जहां सफेद कुर्ता-पैजामा के साथ अलग-अलग रंग का पटका गले में डाले नजर आएंगे, वहीं छात्राएं लाइट क्रीम कलर की साड़ी पहनेंगी, लेकिन रिहर्सल के दौरान सिर्फ पटका ही गले में डालकर रिहर्सल कराया गया। इस बीच कब ताली बजानी और कब नहीं बजानी है। इसके लिए अभ्यास के दौरान ही जानकारी दी गई। इसके साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को जरूरी सामग्री का पैकेट दिया गया। इसके साथ वे ऑडिटोरियम में समारोह का हिस्सा बनेंगे।

### किताबों में खोने की जरूरत नहीं



बिहार से आने के बाद एनआईटी में पढ़ाई करने वाली विशाखा झा को बीटेक इलेक्ट्रिक्स के लिए गोल्ड मेडल मिलने वाला है। उन्होंने बताया कि फैमिली में माता-पिता ही नहीं, दादा भी इंजीनियर हैं। उनसे प्रेरणा मिली और मैंने इस फील्ड में कॅरियर बनाने का निर्णय लिया। मेरा मत है कि इसके लिए दिनभर किताबों में खोए रहने की जरूरत नहीं है। जब पढ़ने का मन करे, तभी पढ़ाई करें। दिखावा करने से बचना चाहिए। फील्ड में नया करने की संभावना है।

### सात घंटे पढ़ाई का रुटीन तय



महावीर नगर में निवासी अवेन्द्र बोस को बीटेक सिविल इंजीनियरिंग में टॉप करने पर गोल्ड मेडल मिलेगा। उन्होंने बताया कि बड़े भाई ने भी एनआईटी से ही मैकेनिकल में इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। उनके साथ पढ़ाई करते हुए फील्ड से लगाव बढ़ा। चार साल तक नियमित सात घंटे पढ़ाई का रुटीन तय किया। इससे सफलता का रास्ता भी मिला। युवाओं को इतना ही कहूंगा कि सफलता का शार्टकट नहीं होता, इसलिए मेहनत करने से बचने के बजाय प्रयास करें।

### एनआईटी में प्रवेश सपने जैसा



आंध्रप्रदेश की महती श्रीकरि ने मैकेनिकल में टॉप किया, इसके लिए गोल्ड मेडल मिल रहा है। उन्होंने बताया कि मेरे लिए एनआईटी रायपुर में प्रवेश ही सपने के जैसा था। इससे टॉप करने की खुशी का अंदाजा लगा सकते हैं। यहां रहते हुए मैंने पढ़ाई के लिए प्लानिंग के साथ ही सिलेबस को रुटीन का हिस्सा बनाया, रोज 5 घंटे स्टडी करने से इस मुकाम तक पहुंची। मेरा मानना है कि जब मानसिक रूप से आप पढ़ने के लिए तैयार हों, तभी स्टडी रूम में जाएं।

# 'रंग-तरंग' में भारतीय संस्कृति और परंपरा की झलक, शास्त्रीय नृत्य ने किया मंत्रमुग्ध

**रायपुर।** विप्र महाविद्यालय के 29वें वार्षिक उत्सव 'रंग तरंग' में विभिन्न प्रदेशों की परंपरा और संस्कृति की शानदार झलक देखने को मिली। स्टूडेंट्स के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को और भी रोमांचक बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद छत्तीसगढ़ी सॉन्ग 'संगी जहुरिया' पर विद्यार्थियों ने जबरदस्त डांस प्रस्तुत किया, जिससे दर्शक झूम उठे। इसके बाद वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने 'हनुमान चालीसा' की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही योगा डांस के माध्यम से विद्यार्थियों ने योग के विभिन्न आसनों की अद्भुत प्रस्तुति की। 'मोर संगवारी' छत्तीसगढ़ी नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद पंजाबी, राजस्थानी, पहाड़ी, राउत नाचा, संबलपुरी डांस, और दक्षिण भारतीय शास्त्रीय नृत्य ने दर्शकों को खूब मंत्रमुग्ध किया। सांस्कृतिक महोत्सव ने सभी को भारतीय संस्कृति की विविधता से परिचित कराया और विद्यार्थियों ने अपनी कला और संस्कृति का अद्भुत प्रदर्शन किया।




### सभी संकाय ने लिया भाग

शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, कंप्यूटर और वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने लगभग तीन घंटे तक चलने वाले अपने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दर्शकों ने तालियों से सराहा, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से खूब वाहवाही बटोरी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के संयोजकों डॉ. आराधना शुक्ला, डॉ. दीपशिखा शर्मा, डॉ. निधिश्री शुक्ला, डॉ. कंचन मिश्रा, अपूर्वा शर्मा और डॉ. प्रियंका तिवारी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने समर्पण और उत्साह के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम उमाकांत शर्मा, प्रमोद शर्मा, आनंद पाण्डेय, प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी एवं विप्र पब्लिक स्कूल की प्राचार्य पद्मा ओझा की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



# शिव दर्शन आध्यात्मिक मेले में 40 फीट ऊंचे शिवलिंग का निर्माण

**रायपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा दस दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। विधानसभा रोड स्थित शांति सरोवर में 'शिव दर्शन आध्यात्मिक मेले' में बारह ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करने का अवसर मिल रहा। भक्ति में सराबोर प्रदर्शनी में मुख्य आकर्षण का केंद्र केदारनाथ की तर्ज पर तैयार शिवलिंग है, जिसे 40 फीट ऊंचा और भव्य बनाया गया है। इसे लोहे और बारदाने की मदद से 15 दिनों में तैयार किया गया है। भव्य शिवलिंग के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु रोजाना विश्वविद्यालय परिसर पहुंच रहे, जिसके लिए शाम 5 बजे प्रदर्शनी की शुरुआत होती है।

**शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़**

### मानसिक शांति के लिए आयोजन

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका सविता दीदी ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर झांकी तैयार की गई, जिसका समापन 2 मार्च को होगा। लगभग 9 एकड़ में फैले विश्वविद्यालय परिसर में झांकी तैयार की गई, जिसमें शिव आधात्मिक दर्शन, प्रदर्शनी, होलोग्राम शो और मानसिक शांति के लिए प्रवचन का आयोजन किया गया है। भागदौड़ भरे जीवन में लोग खुशी और शांति के पल खोज रहे हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ही लोगों को मानसिक शांति प्रदान करना है। उन्हें परमात्मा और भक्तिमार्ग में जोड़ा जाएगा।

## गायत्री शक्तिपीठ में बोर्ड परीक्षा दिलाने वाले विद्यार्थियों का बढ़ाया मनोबल

**पेपर के बारे में बात करने से आत्मविश्वास कम होता है**

# अपेक्षाओं पर खरा उतरने परीक्षा से पहले मानसिक शक्ति बढ़ाएं, नोट्स बनाकर करें तैयारी

कार्नर न्यूज

*रायपुर। परीक्षा का दिन हर छात्र के लिए नई चुनौती होती है। अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए मानसिक शक्ति बढ़ाने के लिए प्रयास करना चाहिए। परीक्ष के समय हर दिन तनाव, उत्साह और अपेक्षाओं से भरा होता है। सुबह उठते ही एक अलग हलचल होती है। किताब, पेंसिल,पेन और पानी की बोतल भी सावधानी से तैयार की जाती है। मन में एक अजीब सी बेचैनी के साथ एक उम्मीद भी होती है। यह बात ट्रस्टी आदर्श वर्मा और सदाशिव हथमल ने गुरुवार को समता कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में बोर्ड परीक्षा दिलाने वाले विद्यार्थियों से कही। बताया कि परीक्षा के दिनों में सकरात्मक चिंतन करेंगे तो लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। हर विषय के लिए संक्षिप्त नोट्स बनाएं।*



### बात करने से आत्मविश्वास कम होगा

आगे कहा कि जब भी समय मिले, उसे देखकर मन ही मन विस्तार से पढ़ाई का मनन करेंगे। पिछली बार जिस भी विषय में कम अंक आए होंगे, उस पर अधिक मेहनत करें। परीक्षा की तैयारी के लिए ब्रह्म मुहूर्त में उठकर जोर-जोर से उच्चारण करते हुए प्रश्नों के उत्तर को याद करें। अगर कोई पेपर अच्छा नहीं बनता है तो उसकी चिंता के बजाय अगले पेपर्स की और अच्छी तरह से तैयारी करने के लिए संकल्पपूर्वक जुट जाएं। प्रवेशपत्र पर लिखे निर्देशों को पहले से अच्छी तरह पढ़ें। परीक्षा देने के बाद उस पेपर के बारे में बात करने से आत्मविश्वास कम होता है। इसलिए घर जाने के बाद अगले पेपर की तैयारी में मन लगाएं।

### परीक्षा हॉल में समय व्यर्थ न जाने दें

वहीं परिव्राजक नीलम सिन्हा ने बताया कि परीक्षा हॉल में हमारे केवल दो साथी हैं। पहला वर्षभर की नियमित पढ़ाई और दूसरा हमारा आत्मविश्वास। यह दोनों साथ रहने पर भय की कोई बात नहीं होती। परीक्षा हॉल में भी सर्वप्रथम शांत मन से बैठें। आत्मबल व इच्छाशक्ति को बढ़ाएं। प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें जो पूछा गया, उसका जवाब दें अनवाश्यक न लिखें। जो प्रश्न अच्छी तरह से आते हों उन्हें पहले हल करें। शेष उनके बाद हल करें। परीक्षा हॉल में इधर-उधर देखने में समय व्यर्थ न गवाएं। अनुचित तरीकों से सफलता प्राप्त करने के बजाय अपने किए हुए अध्ययन के अनुसार ही प्रश्नों को हल करने का प्रयास करें।

### शक्तिपीठ की परिक्रमा के बाद शक्ति कलश रथ किया रवाना

समता कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में भक्तिमय माहौल रहा। यहां से वंदनीय माताजी और अखंड दीप की जन्मशताब्दी 2026 में प्रदेशभर में मनाई जाएगी। गुरुदेव का संदेश घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य से दो रथ भ्रमण करेंगे। एक रथ गरियाबंद जिले तो दूसरा बस्तर संभाग में भ्रमण करेगा। शक्ति कलश शांतिकुंज से पूजा-अर्चना के बाद लाया गया है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### नन्हें तीरंदाजों ने दिखाया कमाल



**रायपुर।** एक दिवसीय राज्य स्तरीय मिनी तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन साइंस कॉलेज ग्राउंड में 26 फरवरी को किया गया। इस आयोजन की खासियत यह थी कि पहली बार अंडर-10 के तीरंदाजो ने उम्दा प्रदर्शन किया। तीरंदाजी संघ को उम्मीद है कि आने वाले 2036 में छत्तीसगढ़ की यही बच्चे ओलंपिक में भाग लेंगे। छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के सचिव आयुष मुरारका ने बताया कि पूरे प्रदेश से 150 तीरंदाज, कोच और मैनेजर इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए। इनमें अंडर-10, अंडर-13 और अंडर-15 तीनों ग्रुप में बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया। इसमें विजय तीरंदाज आगामी विजयवाड़ा में होने वाले मिनी राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेंगे। आयुष मुरारका ने बताया कि शाम को पुरस्कार वितरण भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका के हाथों किया गया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विजयवाड़ा में होने जा रही मिनी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के तीरंदाज मेडल लाने के साथ अंडर-10 में भी राष्ट्रीय स्तर पर मैडल लेंगे। कैलाश मुरारका ने बताया कि तीन दिन पहले भारतीय तीरंदाजी संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। जिसकी पूरी जानकारी छत्तीसगढ़ के तीरंदाजों और कोच को दी गई है। जिसमें बताया गया कि जूनियर राष्ट्रीय तिरंगा प्रतियोगिता की मेजबानी छत्तीसगढ़ संघ करेगा वहीं कोच और जज सेमिनार भी छत्तीसगढ़ प्रदेश तीरंदाजी संघ आयोजित करेगा।

### राज्य स्तरीय बैडमिंटन में लीग मुकाबले जारी



**रायपुर।** सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल में प्रदेश बैडमिंटन संघ द्वारा अस्मिता बालिका व महिला एकल बैडमिंटन राज्य स्तरीय स्पर्धा का आयोजन 25 से 28 फरवरी के मध्य किया जा रहा है। इस कड़ी में 17 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल के चारों ग्रुप के लीग मैचों में शानदार खेल देखने को मिला। ग्रुप ए में पहल देवलिया (राजनांदगांव) ने आरुषि अलावा (रायपुर) को 21-19,21-15 से ,पहल देवलिया (राजनांदगांव) ने पवनीत कौर (दुर्ग) को 21-12,21-12 से,आरुषि अलावा (रायपुर) ने शानवी गुप्ता (रायपुर) को 7-21,21-9,21-15 से हराया। ग्रुप बी में सिद्धिम साहू (धमतरी) ने निकिता चावला (रायपुर) को 21-8, 21-6 से,सानवी छात्रे (रायपुर) ने देविका खत्री (बिलासपुर) 21-12, 21-14 से सिद्धिम साहू (धमतरी) ने देविका खत्री (बिलासपुर) 21-16,17-21,21-13 से, अराना कौशिक (रायपुर) ने निकिता चावला (रायपुर) को 26-24, 21-16 से हराया। ग्रुप सी में वेदिका एस ग्यानी (दुर्ग) ने आद्य भारती (रायपुर) को 21-5, 21-5 से, तिष्य मुक्ता (रायपुर) ने वेदिका एस ग्यानी (दुर्ग) को 21-13, 21-12 से, अराना परसाई (रायपुर) ने आद्य भारती (रायपुर) को 21-12, 21-6 से हराया।

ग्रुप डी में अराना श्रीवास्तव (बिलासपुर) ने यशस्वी शर्मा (रायपुर) को 21-2, 21-2 से, अराना श्रीवास्तव (बिलासपुर) ने अपला दीक्षित (रायपुर) को 21-18,21-18 से, मान्या गुप्ता (रायपुर) ने यशस्वी शर्मा (रायपुर) को 21-1, 21-1 से हराया।

### स्टैंड बॉल आल इंडिया यूनिवर्सिटी ओपन चैंपियनशिप में जुटे देश भर के खिलाड़ी



**रायपुर।** स्टैण्ड बॉल की पहली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ओपन महिला पुरुष चैंपियनशिप डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय और स्टैण्ड बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में बिलासपुर में संपन्न हुई। चैंपियनशिप का उद्घाटन सीआरपीएफ के कमांडेंड राजकुमार के मुख्य आतिथ्य और प्रो दुबे कुलपति डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में हुआ। समापन नेहरू युवा केंद्र के समन्वयक की उपस्थिति में हुआ। स्टैण्ड बॉल फेडरेशन के महासचिव जाविद अली ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ सहित कुल 6 महिला और 8 पुरुष टीम ने हिस्सा लिया। दो दिनों तक चली यह प्रतियोगिता लीग मैचों के साथ हुई। जिसमें अंक के आधार पर महिला में अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय और पंडित शंभूनाथ शुक्ला यूनिवर्सिटी शहडोल के बीच मैच संघर्षपूर्ण हुआ। दोनों ही टीम एक्स्ट्रा टाइम के साथ जीरो अंक पर रही टॉस के पश्चात शहडोल की टीम विजयी रही।

पुरुष टीम में अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय और भिलाई के बीच मैच हुआ जिसमें 2–1 से अटल विश्वविद्यालय विजयी बना।

## समय रहते डॉक्टर के पास जाएं और राहत पाएं

# छाती में भारीपन महसूस हो रहा तो संभव है गंभीर बीमारी का संकेत, हो जाएं सावधान

क्या आपको भी अक्सर छाती में दर्द और भारीपन महसूस होता रहता है? अगर हां तो इसे अनदेखा न करें, कुछ स्थितियों में ये गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण भी हो सकती है। सीने में जकड़न या भारीपन के कई वजह हैं, ये शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की दिक्कतों के कारण हो सकती है। इतना ही नहीं दिल का दौरा पड़ने की स्थिति में भी छाती में दर्द देखा जाता रहा है, यही कारण है कि समय रहते इस समस्या को लेकर डॉक्टर की सलाह लेना आपको गंभीर स्थितियों से बचाने में मददगार हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कुछ लोगों को अक्सर रात में सोते समय ये दिक्कत देखी जाती रही है। आइए जानते हैं कि ये दिक्कत क्यों होती है और किन स्थितियों में आपको विशेष सावधान हो जाना चाहिए?

हेल्थ अलर्ट



### मांसपेशियों में तनाव



सीने में दर्द इंटरकोस्टल मांसपेशियों में खिंचाव के कारण भी हो सकता है, पसलियों में खिंचाव आने से इस तरह की समस्याओं का खतरा और अधिक हो सकता है। इंटरकोस्टल मांसपेशियों पर दबाव पड़ने से पसलियों पर जोर पड़ सकता है और छाती में भारीपन महसूस हो सकता है। दर्द निवारक दवाओं और आराम करने से इस समस्या में आराम पाया जा सकता है।

### पेरीकार्डिटिस की समस्या

छाती में होने वाले दर्द और असहजता का एक कारण पेरीकार्डिटिस की भी समस्या हो सकती है। पेरिकार्डिटिस, हृदय की दिक्कत है जिसके कारण सीने में दर्द और भारीपन बना रहता है। पेरीकार्डियम हृदय के आसपास के ऊतकों की परतों को कहा जाता है। पेरीकार्डिटिस तब हो सकता है जब पेरीकार्डियम में संक्रमण या फिर इसमें सूजन हो जाता है। संक्रमण की स्थिति का अगर उपचार न किया जाए तो यह कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को भी बढ़ाने वाली हो सकती है।

पाचन विकारों की समस्या

छाती में होने वाली जकड़न की समस्या, गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स डिजीज (जीईआरडी) के कारण भी हो सकती है। ये एक पाचन विकार है जिसके कारण छाती में दबाव और सीने में दर्द की समस्या भी देखी जाती रही है। जीईआरडी तब होता है जब पेट का एसिड वापस ग्रासनली की ओर आ जाता है। सीने में दर्द के साथ-साथ आपको अत्यधिक लार आने, भोजन निगलते समय दर्द होने या गले में खराश की समस्या भी हो सकती है। जीईआरडी का समय रहते उपचार किया जाना आवश्यक माना जाता है।

### मानसिक स्वास्थ्य की दिक्कत

छाती में दर्द और जकड़न की दिक्कत शारीरिक समस्याओं के साथ कुछ स्थितियों में मानसिक विकारों के कारण होने वाली समस्या भी है। स्ट्रेस और एंग्जाइटी की स्थिति में भी छाती में दिक्कत महसूस हो सकती है। चिंता विकार मानसिक स्वास्थ्य स्थिति है जिसके कारण आप आशंकित और तनावग्रस्त महसूस कर सकते हैं। ये छाती में दर्द और जकड़न की समस्या के साथ मांसपेशियों में तनाव, पसीना आने, कंपन, दिल की धड़कन तेज होने, चक्कर और मितली की दिक्कत हो सकती है। मानसिक स्वास्थ्य विकारों का समय पर उपचार किया जाना जरूरी होता है।






# जीवन की कुछ कमाई संभव है बगैर पैसों के

पैसा हमारे जीवन के अधिकांश पहलुओं में हमारी मदद करता है। आपके पास कितना पैसा है, ये तय करता है कि आपको कैसी शिक्षा मिलेगी और आपकी लाइफस्टाइल कैसी होगी। हालांकि पैसा हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन यह हर चीज की जगह नहीं ले सकता। आपको लगता होगा कि पैसे से आप कुछ भी खरीद सकते हैं। लेकिन जनाब ऐसी बहुत सी कीमती चीजें हैं, जिन्हें पैसे से नहीं खरीदा जा सकता है। आज हम आपको ऐसी ही कुछ चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें पैसे से नहीं खरीदा जा सकता है।

**दोस्त :** बफ़ेलो यूनिवर्सिटी और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के एक अध्ययन के अनुसार, जो लोग अपने पैसों पर घमंड करते हैं, वे अक्सर रोजमर्रा की जिंदगी में अकेलेपन का अनुभव करते हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हम अक्सर अपने करीबी लोगों को पीछे छोड़ देते हैं और इसकी वजह से आगे चलकर हम अलग और अकेले हो जाते हैं। हमें उन लोगों को कभी नहीं भूलना चाहिए, जो हमारे शुभचिंतक हैं और वास्तव में हमारी परवाह करते हैं। हमारे जीवन में ऐसे लोगों की उपस्थिति हमारी इच्छाशक्ति को मजबूत करती है और हमें सफल होने के लिए प्रेरित करती है।



**समय:** पैसा आपको चौबीसों घंटे खुश जरूर रख सकता है, लेकिन आपके लिए दुख की बात ये है कि यह आपके लिए दिन में अतिरिक्त घंटे नहीं खरीद सकता। समय के महत्व को समझना और इसका बेहतर उद्देश्यों के लिए उपयोग करना आपकी वित्तीय स्थिति को बनाए रखने में मदद कर सकता है। समय का बेहतर उपयोग करना आवश्यक है। आपको यह भी याद रखना चाहिए कि एक बार बीत जाने के बाद यह वापस नहीं आएगा। हमारे यहां कहावत भी है, 'अब पछताए होत क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत।' इसलिए समय का सदुपयोग करें और अपना समय अच्छे कामों में लगाएं।

**घर :** पैसा आपको आपके सपनों का घर खरीदने में मदद कर सकता है, लेकिन आपको एक सच्चा घर नहीं दे सकता। घर एक ऐसी जगह है, जहां लोग अपने परिवार या प्रियजनों के साथ रहते हैं और वहां उनकी यादें जुड़ी होती हैं। घर सिर्फ आराम करने की जगह नहीं है, बल्कि ये वो जगह है जहां हम भावनात्मक रूप से जुड़े होते हैं। यदि आपके घर में सभी सुख सुविधाएं हैं, लेकिन आपके साथ रहने या आपके साथ घर साझा करने के लिए कोई नहीं है, तो आप अपने जीवन के सबसे महान क्षणों में से कुछ को खो रहे हैं।

**आत्मीयता :** आत्मीयता को एक व्यक्ति के प्रति स्नेही भावना और निकटता के रूप में परिभाषित किया गया है। इसका संबंध गहरे लगाव से है। यह किसी व्यक्ति से भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ मामला भी है। एक स्वस्थ और पूर्ण संबंध के लिए आत्मीयता आवश्यक है, जो हमें जीवन में आगे बढ़ने में भी मदद करती है। पैसा आपकी कठिनाई को कम कर सकता है, लेकिन आपको भावनात्मक संबंध या आत्मीयता की गारंटी नहीं दे सकता है।



# फाल्गुन माह का जानिए महत्व और कुछ जरूरी बातें



फाल्गुन माह का प्राकृतिक, वैज्ञानिक और धार्मिक रूप से विशेष महत्व है। इस महीने में महाशिवरात्रि मनाई जा चुकी और आगे होली मनाई जाएगी। इसके अलावा, विजया एकादशी, यशोदा जयंती, जानकी जयंती, आमलकी एकादशी भी मनाई जाती है। फाल्गुन माह श्रीकृष्ण की उपासना को समर्पित है। कहते हैं कि इस माह में की गई भगवान कृष्ण की पूजा विशेष फलदायी होती है। फाल्गुन माह में भगवान श्री कृष्ण और राधाजी पर गुलाल अर्पित करके फाल्गुन के भजन गाने चाहिए। इससे जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है,दाम्पत्त्य जीवन सुखद रहता है। साथ ही घर में धन और वैभव का आगमन होता है।

फाल्गुन माह में संतान प्राप्ति के लिए श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप, प्रेम और आनंद की प्राप्ति के लिए श्रीकृष्ण के युवा स्वरूप और साथ ही ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु कृष्ण की उपासना करना बहुत अच्छा माना गया है।

नवग्रहों में चंद्रमा को शीतलता और शांति का सूचक माना गया है। कुंडली में चंद्रमा की अच्छी स्थिति व्यक्ति के मन को शांत रखती है। इस महीने में चंद्रमा को रोजाना प्रणाम कर दूध से अर्घ्य देने से जीवन में चल रही परेशानियों से छुटकारा मिलता है। मान्यता है कि ऐसा करने से कुंडली में चंद्रमा की स्थिति मजबूत होती है। इस महीने में अपनी क्षमता के अनुसार शुद्ध घी, सरसों का तेल, मौसमी फल, अनाज और वस्त्र आदि का दान करना चाहिए,ऐसा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

### क्या न करें

फाल्गुन माह में होलाष्टक के इन 8 दिनों में कोई भी मांगलिक कार्य नहीं करना चाहिए, इससे दोष लगता है और कार्य सफल नहीं होते।

पूरे फाल्गुन माह में मांस-मछली या नशीली चीजों का सेवन बिल्कुल न करें। इसके अलावा अपनी वाणी पर संयम रखें और क्रोध से बचें।

फाल्गुन प्रेम और उल्लास का महीना है, जीवन में मिठास घोलता है ऐसे में इस महीने प्रेम पूर्वक व्यवहार करें मन में बुरे विचार न लाएं, दूसरों अहित न करें।

# किस दिशा में पैर करके नहीं सोना चाहिए?



वास्तु शास्त्र में दिशाओं का बहुत महत्व माना जाता है। दिशाओं के हिसाब से ही कार्य करना वास्तु में शुभ माना गया है। इसी कड़ी में हमारा सोना भी आता है। यानी कि हमें किस दिशा में पैर करके सोना चाहिए और किस दिशा में पैर करके नहीं सोना चाहिए, इसका ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स बता रहे हैं कि आखिर किस दिशा में पैर करके सोने से बचना चाहिए।

### किस दशा में पैर करके सोने से बचें?

वास्तु शास्त्र में ऐसा बताया गया है कि दक्षिण दिशा में पैर करके नहीं सोना चाहिए। इसके पीछे का धार्मिक कारण कहता है कि दक्षिण दिशा यम की दिशा होती है। शास्त्रों के अनुसार, जब किसी के प्राण यमराज हरते हैं तो उस व्यक्ति की आत्मा पैरों के माध्यम से ही शरीर त्यागती है।

ऐसे में अगर दक्षिण दिशा की ओर पैर करके सोया जाए तो यह इस बात का संकेत है कि आप पर यम का ख़तरा मंडरा रहा है। अकाल मृत्यु जैसे भयंकर योग का निर्माण भी हो सकता है। इसके अलावा, ऐसा भी कहा जाता है कि दक्षिण में पैर करके सोने से घर में बीमारी आती है।

दक्षिण दिशा किसी भी कार्य के लिए अशुभ मानी जाती है, फिर चाहे वह इस दिशा में पैर करके सोना ही क्यों न हो। इसके अलावा, दक्षिण दिशा में पैर करके सोने से जुड़ा एक तथ्य और भी है। शास्त्रों के अनुसार, असल में दक्षिण दिशा में पूर्वज यानी कि पितरों का भी वास होता है।

ऐसे में दक्षिण दिशा में पैर करके सोना पितरों के अपमान के समान है। दक्षिण दिशा में पैर करके सोने से पितृ नाराज होते हैं और आपको एवं परिवार को कष्ट पहुंचाते हैं। इस दिशा में पैर करके सोना पितृ दोष को भी जन्म देता है। इसलिए इस दिशा में पैर करके नहीं सोना चाहिए।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

तकिया रेमंड एक के साथ एक फ्री | चादरे सैट 9x9 425/- | तकिया फूल साईज 160/- जोड़ी | गद्दा सादा 220/- | मैट्रेस लेस 30% से 60% | पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
4x6 - 15 किलो 700/-, 850/- गद्दा | फाईबर तकिया 250/- जोड़ी | प्रोट्रेक्टर सभी प्रकार के तैयार कव्हर | लग्जरी मैट्रेस 5, 6, 7, 8 इंच रेडी | सोफा कमबेड कर्म्फटर कबल | तैयार सफेद रुई फाइबर गद्दा
संजय रुई भंडार निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
प्लास्टिक एवं फायबर कूलर की विशाल रेंज
शीतल कूलर का 75 नये मॉडल के साथ विशाल शो-रूम
रूम, डक एवं विन्डो कूलर अनेक साईज में उपलब्ध
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## दो एवेंजर्स फिल्मों की शूटिंग जारी एक्समैन या डेडपूल को लेकर सवाल



फिल्म निर्देशक एंथनी और जो रुसो ने अपनी आगामी फिल्मों 'एवेंजर्सः डूम्सडे' और 'एवेंजर्सः सीक्रेट वॉर्स' की शूटिंग के बारे में कुछ अहम जानकारी साझा की है। जो रुसो ने एक इंटरव्यू में जानकारी दी कि इन दोनों फिल्मों की शूटिंग लंदन में लगातार चल रही है। उन्होंने कहा कि यह एक लंबा और चुनौतीपूर्ण काम है, जिसे पूरा करने में काफी मेहनत लग रही है। जो रुसो ने कहा, ₹हम लंदन में शूटिंग कर रहे हैं। ये दोनों फिल्में बैक-टू-बैक शूट हो रही हैं, जिसकी वजह से काफी काम बढ़ गया है। हम यह नहीं कह सकते कि हम इस दौरान सर्वाइव करेंगे या नहीं, लेकिन हम इसे लेकर बहुत उत्साहित हैं। हम कहानी में एक नया रास्ता ढूंढने में सफल हुए हैं जो दर्शकों के लिए चुनौतीपूर्ण होगा और हमारे लिए भी इसे सही तरीके से अंजाम देना चुनौतीपूर्ण है। यह हमें काम करने के लिए प्रेरित करता है। हम इसके लिए बहुत उत्साहित हैं।₹ जब उनसे पूछा गया कि क्या इन फिल्मों में एक्स-मेन या डेडपूल के पात्र दिखाई देंगे तो जो रुसो ने जवाब दिया, ₹किसे पता? मुझे नहीं पता। मैं यह नहीं जानता कि कौन सा किरदार हम इस फिल्म में दिखाएंगे। मार्वल के किसी भी किरदार का आगमन हो सकता है।₹ वहीं, एंथनी रुसो ने मजाक करते हुए कहा, "अगर आप अपनी आंखें बंद करें और कल्पना करें तो आप किसी भी किरदार को देख सकते हैं जो आपको पसंद हो।" रुसो ब्रदर्स ने पहले भी मार्वल की चार बड़ी फिल्मों का निर्देशन किया है, जिनमें 'कैप्टन अमेरिका द विंटर सोल्जर', 'कैप्टन अमेरिका- सिविल वॉर', 'एवेंजर्स इंफिनिटी वॉर' और 'एवेंजर्स एंडगेम' जैसी फिल्में शामिल हैं।

### टॉलीवुड

## डांस वीडियो के साथ प्रभु देवा ने बेटे का कराया परिचय, कहा- गर्व महसूस हो रहा



फिल्म निर्माता, अभिनेता और कोरियोग्राफर प्रभु देवा ने अपने बेटे ऋषि रागवेंद्र देवा को एक पावर-पैक डांस वीडियो के जरिए पेश किया है। उन्होंने एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए इसकी जानकारी साझा की है। फिल्म निर्माता, अभिनेता और कोरियोग्राफर प्रभु देवा अपने डांस के लिए मशहूर हैं। उनके डांस स्टेप्स के दीवानें दुनियाभर में हैं। हाल ही में प्रभु देवा ने अपने बेटे ऋषि रागवेंद्र देवा को एक पावर-पैक डांस वीडियो के जरिए पेश किया। अब यह वीडियो सुर्खियां बटोर रहा है।

प्रभु देवा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें पिता-पुत्र की जोड़ी एक साथ परफॉर्म करती नजर आ रही है। वीडियो में प्रभु देवा और उनके बेटे को मंच पर डांस करते हुए देखा जा सकता है। फैंस उनका उत्साह बढ़ा रहे हैं। प्रभु देवा ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, ₹अपने बेटे ऋषि रागवेंद्र देवा को पेश करते हुए गर्व महसूस हो रहा है, क्योंकि हम पहली बार सुर्खियों में हैं! यह डांस से कहीं बढ़कर है-यह विरासत, जुनून और एक यात्रा है जो अभी शुरू हुई है।₹

प्रभु देवा ने जैसे ही वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट की उनके फैंस कमेंट सेक्शन में टूट पड़े और अपनी प्रतिक्रिया देने लगे। कई यूजर्स ने कमेंट सेक्शन में लिखा, ₹जैसा पिता, वैसा बेटा।₹ इसी तरह कई सारे प्रशंसा वाले कमेंट देखने को मिले। प्रभु देवा एक मशहूर कोरियोग्राफर, निर्देशक और अभिनेता हैं। प्रभु देवा के फैंस उन्हें भारत का माइकल जैक्सन भी कहते हैं। उन्होंने कई हिट गानों की कोरियोग्राफी की है और सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी के लिए दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीते हैं। डांस के अलावा प्रभु देवा ने कई फिल्मों का निर्देशन भी किया है। हाल ही में उन्हें हिमेश रेशमिया की फिल्म 'बैडएस रवि कुमार' में देखा गया है।

### भोजपुरी

## हनी के गीत में रागिनी ने लगाया है खास तड़का, मुंडन में गाती थीं गीत



बॉलीवुड सिंगर और रैपर यो-यो हनी सिंह के मिनियेक सॉन्ग 'दीदिया के देवरा चढ़वले बाटे नजरी' इस वक्त इंटरनेट पर खूब चर्चा में है। मजेदार ये है कि रैप वाले इस गाने में भोजपुरी का तड़का है। ये गाना केवल बिहार या यूपी तक नहीं बल्कि देश और दुनिया भर में सुना जा रहा है। इस गाने का फ्यूजन हर सुनने वालों को हैरान कर रहा है। हनी सिंह के इस रैप सॉन्ग में ईशा गुप्ता भी नजर आ रही हैं। हालांकि, गाने की रिलीज के बाद से सबसे अधिक चर्चा हो रही है भोजपुरी वाले हिस्से के गाने और लिखने वालों की। सवाल ये उठ रहा है कि उनका हनी सिंह से कैसे कनेक्शन बना। इस गाने की सिंगर रागिनी विश्वकर्मा और लेखक अर्जुन अजनबी से बात की। मजेदार ये है कि रागिनी को पता भी नहीं था कि हनी सिंह के साथ गाएंगी। हनी सिंह की टीम से विनोद वर्मा नाम के शख्स ने रागिनी को संपर्क किया और उन्हें बताया गया कि आपका गाना बॉलीवुड में रिलीज किया जाएगा।

इस रिपोर्ट में रिगिनी ने बताया कि जब गाना पूरा फाइनल आ गया और टीजर आ गया तब मुझे बताया गया कि हनी सिंह के साथ गाना आ गया है। बताया गया है कि ये गाना 6 दिन रिहर्सल के बाद बनारस में शूट हुआ। इसकी शूटिंग बनारस के कीनाराम बाबा मंदिर के भीतर बने स्टूडियो में शूट किया गया है। गाने के लिरिसिस्ट अर्जुन अजनबी से गाने के डबल मीनिंग पर किए सवाल पर कहा, 'गाने को चलाने के लिए कुछ तो चटक चाहिए और चूंकि इसी तरह की डिमांड थी तो हमने इसी किस्म का गाना लिखा कर दे दिया।'




> न्यूयॉर्क फैशन वीक ने आधिकारिक तौर पर फैशन महीने की शुरुआत कर दी है, और इसके उभरते सौंदर्य रुझान पहले से ही आने वाले सीज़न के लिए माहौल तैयार कर रहे हैं। कोलिना स्ट्राडा में तेंदुए के प्रिंट वाले चेहरे और थॉम ब्राउन में घने पंखदार पलकें प्रयोग की शुरुआत मात्र थीं।

## सफेद कपड़ों के साथ खूब जचेंगे लिपस्टिक के ये शेड्स, हर स्किन टोन के लिए रहेंगे बेस्ट



फैशन ट्रेंड में सफेद कलर के कपड़ों को काफी पसंद किया जाने लगा है। वहीं इस कलर के साथ अक्सर हम लिपस्टिक का सही शेड चुनते समय काफी बार कंफ्यूज हो जाते हैं। लिपस्टिक के कुछ खास शेड्स आपकी व्हाइट ऑउटफिट को स्टाइलिश लुक देने में सहायता करेंगे।

### ग्लॉसी पिंक लिपस्टिक शेड

सटल और ड्युई लुक को कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह के लुक के साथ आप लिप्स के लिए ग्लॉसी पिंक कलर का लिप शेड चुन सकती हैं। इसके अलावा आप मैट पिंक लिपस्टिक होंठों पर लगाकर अलग से ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह शेड फेयर से मीडियम स्किन टोन पर बेस्ट नजर आएगा।

### चॉकलेट ब्राउन लिपस्टिक कलर

नाइट लुक के लिए बोल्ड और एलिगेंट लुक कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह का मैट चॉकलेट ब्राउन लिप शेड आपके लिए बेस्ट रहेगा। इस तरह के लिप कलर के साथ आप स्मोकी आई मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं। कोशिश करें कि लुक को मैट में रखें तो यह देखने में काफी क्लीन और क्लासी नजर आएगा।


### मॉव पिंक कलर लिपस्टिक

ब्यूटी ट्रेंड में आजकल मॉव शेड्स को काफी सराहा जा रहा है। ब्लैक के साथ आप इसमें पिंक कलर के शेड को चुन सकती हैं। कूल टोन वाले पिंक शेड का चुनाव करें और वार्म टोन को अवॉयड ही करें। यह कलर लगभग हर तरह के स्किन टोन पर आसानी से सूट करता है।

### ब्लड रेड लिप शेड

रेड कलर देखने में काफी आइकोनिक लुक देने में मदद करता है। इसमें ब्लैक के साथ आप ब्लड रेड कलर को सकती हैं। इसके अलावा आप थोड़ा ब्लैक टोन वाले डीप रेड लिप कलर को चुन सकती हैं। कोशिश करें कि ब्लैक के साथ ब्राइट शेड ही चुनें।

## ब्राइडल लुक पूरा होगा डायमंड ज्वेलरी के साथ, लेटेस्ट डिजाइन है आपके लिए






शादियों का सीजन चल रहा है ऐसे में हर दुल्हन अपने लिए शॉपिंग करने में बिजी है। किसी को कपड़ों की शॉपिंग करना पसंद होता है। लेकिन आजकल हर कोई अपनी ज्वेलरी पर खास ध्यान दे रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक परफेक्ट लगता है। एक्ट्रेस भी आजकल सबसे ज्यादा अपनी ज्वेलरी पर ध्यान दे रही हैं । हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह की शादी हुई है, उन्होंने अपने ब्राइडल लुक के साथ डायमंड अनकट ज्वेलरी को वियर किया। आप भी ऐसे ही डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं।



### ग्रीन डायमंड सेट

अगर आपको एमराल्ड पहनना पसंद है लेकिन महंगे आने की वजह से आप इस डिजाइन के सेट को स्टाइल नहीं कर पा रही हैं तो ऐसे में आप आर्टिफिशियल ज्वेलरी में इस तरह के डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। ग्रीन एमराल्ड के सेट आपको मार्केट में मिल जाएंगे, जो सेम रियल डायमंड की तरह नजर आएंगे। इस तरह के सेट को आप अपने लहंगे के साथ स्टाइल कर सकती हैं। पीच कलर लहंगे या रेड कलर लहंगे के साथ ये अच्छा लगेगा। इस तरह के सेट मार्केट में आपको 1500 से 2500 में मिलेंगे। आप चाहें तो रेंट पर भी खरीद सकती हैं।

### रेड रूबी डायमंड सेट

आजकल ग्रीन के साथ-साथ रेड कलर रूबी डायमंड सेट भी ट्रेंड में है। इसमें आपको पूरे सेट में ये डायमंड नहीं मिलेगा। सिर्फ एक पेंडेंट मिलेगा। जिससे ये सेट हैवी लगेगा। इसे आप भी अपने लहंगे के साथ स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह के आर्टिफिशियल सेट आपको 1000 से 3000 रुपये में मिल जाएंगे। आप इसके साथ मैचिंग नथ और मांग टीका भी ले सकती हैं।

### डायमंड सेट

अगर आपको किसी तरह का कोई कलर अपने सेट में नहीं रखना है तो इसके लिए आप वन वर्क वाले डायमंड सेट को खरीद सकती हैं। इसमें आप चाहे तो स्टोन वर्क ले सकती हैं। वरना आप चाहें तो जाली वर्क या फ्लावर डिजाइन को भी अपने लहंगे के साथ पेयर कर सकती हैं। इसके साथ आपको मैचिंग इयररिंग्स और मांग टीका मिल जाता है। इस तरह के सेट मार्केट में आपको 2000 से 4000 की रेंज में अच्छी क्वालिटी में मिल जाएंगे। इन डायमंड सेट को आप अपने लहंगे के साथ स्टाइल करें।

## गर्मी के दिन आ रहे, जानें स्कार्फ और उनको पहनने का सही तरीका

अब चूंकि गर्मी के दिन आने ही वाले हैं, ऐसे में स्कार्फ भी बाहर निकलेंगे। वैसे, सर्दी का मफलर और गर्मी का स्कार्फ दोनों के बीच बहुत बड़ा अंतर नहीं है। अगर आप मफलर पहनते हैं तो ये बताने की आवश्यकता नहीं कि इसको पहनना क्यों जरूरी है।

इसको आप गमछे का फैशनेबल रूप भी समझ सकते हैं। क्योंकि हाल ही में गमछा को स्टाइलिश और मशहूर करने वाले राइटर ने भी यही कहा था, स्कार्फ एक प्रकार से गमछा ही है। दरअसल, गमछे में भी अब कई प्रकार के डिजाइन व स्टाइल आ चुके हैं। ये मल्टीपर्पज होते हैं। इसलिए इनको अपने साथ रखना ही चाहिए।

### पुरुषों के स्कार्फ कैसे होते हैं?

पुरुषों के स्कार्फ और लड़कियों के दुपट्टे में मामूली सा फर्क होता है। लड़कियों का दुपट्टा अधिक लंबा, फ्लोरल और चौड़ा होता है।जबकि स्कार्फ पुरुषों की अलग-अलग ड्रेस के हिसाब से होता है। यह रूमाल के आकार और मफलर की लंबाई का भी हो सकता है।



### लड़के स्कार्फ क्यों पहनें

हर ड्रेस को पहनने के फायदे हैं। इसे भी एक प्रकार की एसेसरीज ही समझें। स्कार्फ को पहनने के बाद लड़कों का समर लुक और ज्यादा अट्रैक्टिव दिखता है। साथ ही ये गले के पसीने को सोखता है, जिससे कि आपको कंफर्टेबल महसूस होगा। खासकर, जिन लोगों के गले के पास पसीना बहुत निकलता है उनको स्कार्फ रखना चाहिए। मुझे लगता है कि मफलर कैरी करने वालों को यह बात अच्छी तरह पता है। बस अब आपको समर स्कार्फ कैरी करने का तरीका समझना होगा। अगर आप पहली बार स्कार्फ यूज करने की सोच रहे हैं तो शायद आपके लिए ये जानकारी और भी जरूरी हो जाती है।

## कलीदार सूट में पाना चाहती हैं परफेक्ट फिटिंग तो इन बातों को न करें नजरअंदाज

सूट के कई डिजाइंस आपको मार्केट में नजर आ जाएंगे, लेकिन आज भी ज्यादातर हम इसे रेडीमेड खरीदने की जगह टेलर की मदद लेकर सिलवाना पसंद करते हैं। लेटेस्ट फैशन की बात करें तो आजकल अनारकली स्टाइल कलीदार सलवार-सूट पहनना काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है।

हालांकि, पाकिस्तानी स्टाइल सूट में आपको काफी डिजाइन आसानी से रेडीमेड मिल जाएंगे। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं कालिदार सूट सिलवाते समय किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए ताकि आपका लुक और बॉडी शेप परफेक्ट नजर आए।

### कलीदार सूट के लिए किस तरह के डिजाइन को चुनें?

कलीदार स्टाइल सूट का डिजाइन ज्यादातर फ्लोरल या अरेबिक डिजाइन का चुना जाता है। इसके अलावा इसके लिए लेस वर्क को काफी पसंद किया जाता है। लेस की बात करें तो इसमें चिकनकारी,



गोटा-पट्टी वर्क, फ्लोरल डिजाइन, सेल्फ वर्क, किनारी लेस जैसे कई डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे। लेस वर्क को आप नेकलाइन, घेरे, स्लिट, स्लीव्स और भी कई तरह से बॉर्डर डिजाइन बनवाने के लिए चुन सकती हैं। कलीदार स्टाइल सूट की लेंथ लंबी रखी जाती है और इस तरह के सूट साथ आप पैन्ट्स बनवाते समय डिजाइन का विशेष रूप से ख्याल रखें।

**कार्नर न्यूज**

### कपड़ों पर पैसे खर्च करने से बचते हैं तो इन टिप्स पर जरूर दीजिए ध्यान

## कम कपड़ों में ज्यादा स्टाइल चाहिए तो तैयार कीजिए इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब

*इंटरचेंजेबल .बड़ा कठिन सा लगने वाला यह शब्द असल में जिंदगी आसान बना देता है। आसान ऐसे कि कई चीजों को कई तरह के कॉम्बिनेशन में मिलाकर हर बार कुछ नया देखने को मिलता है। ये फॉर्मूला इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब पर फिट बैठता है। इसका मतलब है कम कपड़ों में ही खूब सारी कॉम्बिनेशन ड्रेस और खूब सारे लुक। यह उन लोगों के लिए अच्छा है, जो कपड़ों पर पैसे खर्च करने से बचते हैं या कर ही नहीं सकते। इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब शुरू में जरूर कठिन लग सकती है। क्योंकि इसे तैयार करने में कई बातें याद रखनी होती हैं। कभी रंगों का मेल तो कभी पैटर्न। लेकिन इसके बाद जब भी इस इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब की आपको याद आएगी, अपने लुक को लेकर एक सुकून जरूर नजर आएगा।*



### होंगे तीन फायदे

इस अनोखी वॉर्डरोब के तीन अलग-अलग फायदे हैं। इनको जानने के बाद आप अपनी वॉर्डरोब को इंटरचेंजेबल बनाने के बारे में जरूर सोचेंगे। अलमारी मैनेज रहेगी क्योंकि उसमें बस जरूरतभर के कपड़े होंगे। कपड़ों पर खर्चा कम। तैयार होने में कम समय लगेगा क्योंकि बहुत सारे कपड़ों में से चुनने की झंझट खत्म हो जाएगी। आपको पहले से पता होगा कि इस कपड़े को इसके साथ मैच करके पहनना है।

### जो है, सो है

इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब के लिए आपको फिर से नए कपड़े खरीदने की भी जरूरत नहीं है। आपके पास जो कपड़े हैं, उन्हीं में से आपको अपनी इस वॉर्डरोब के लिए कपड़े मिल जाएंगे।इसमें आप अपने उन पुराने कपड़ों को भी शामिल कीजिए, जिन्हें आपने लंबे समय से पहना ही नहीं है। पुराने और आपकी पसंद से बाहर ये कपड़े किसी दूसरे कॉम्बिनेशन के साथ आपको जरूर अच्छे लगेंगे।

### इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब का साथी

इस वॉर्डरोब के कुछ साथी भी होते हैं। ये वो साथी हैं जो इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब बनाने में काफी मदद करते हैं। दरअसल ये वो कपड़े होते हैं, जो आसानी से किसी भी रंग और पैटर्न के साथ मैच कर जाते हैं। इन कपड़ों में सबसे पहले तो सफेद शर्ट और नीली जींस आती है। ब्लैक पेंट भी इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब का अहम हिस्सा है तो नेवी ब्लू शर्ट भी। गुलाबी या लाल रंग की शर्ट इस वॉर्डरोब का हिस्सा बिल्कुल नहीं बन सकती है। क्योंकि ये किसी खास पैंट के साथ ही आपकी पर्सनैलिटी पर अच्छी लगेगी।

